राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जागरण मोर्चा अब बरेली में मात्र 5/- में

# जागरण मोर्चा

सफलता के 5 वर्ष

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | www.jagranmorcha.com | जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 29 | गुरूवार 12 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण नवमी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया


## रिचार्ज खत्म होते ही इनकमिंग कॉल बंद? राघव चड्ढा ने उठाई आम आदमी की आवाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोबाइल फोन का रिचार्ज खत्म होने पर इनकमिंग कॉल भी बंद किये जाने का मुद्दा बुधवार को राज्यसभा में उठा और मोबाइल ऑपरेटरों की इस मनमानी पर रोक लगाये जाने तथा इनकमिंग कॉल की गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की गयी।

आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि मोबाइल फोन आजकल लोगों की जीवनरेखा बन चुका है लेकिन मोबाइल ऑपरेटर रिचार्ज खत्म होने के साथ ही इनकमिंग कॉल भी बंद करते हैं जिससे फोन ठप हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक तरह से संचार के अधिकार को बंद करना जैसा है। उन्होंने मांग की कि सरकार को मोबाइल ऑपरेटरों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए अंतिम रिचार्ज के बाद तीन साल तक इनकमिंग की सुविधा देने , केवल इनकमिंग कॉल के लिए सस्ता प्लान लाने , और बंद हो चुके सिम के नम्बर को तीन साल तक किसी और को आवंटित नहीं के लिए विशेष नियम बनाने चाहिए। सदस्य ने महीने के नाम पर केवल 28 दिन के रिचार्ज की व्यवस्था को भी बंद करने तथा इसे तीस दिन करने की मांग की। भाजपा के दिनेश शर्मा ने माता पिता के निधन पर निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को सवैतनिक शोक अवकाश दिये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कनाड़ा आदि देशों में इस तरह का अवकाश दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में माता पिता की सेवा को सर्वोपरि तथा अंतिम संस्कार करने को अनिवार्य धर्म बताया गया है। उन्होंने इसे संविधान के तहत मौलिक अधिकार बताते हुए कर्मचारी को अर्जित अवकाश से अलग अवकाश दिये जाने की मांग की। आम आदमी पार्टी के अशोक कुमार मित्तल ने विदेश ले जाने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी का मामला उठाया।

# लोकसभा स्पीकर के खिलाफ ध्वनिमत से अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष द्वारा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में लंबी चर्चा चली। आज गृह मंत्री अमित शाह ने इस प्रस्ताव को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और विपक्ष और राहुल गाँधी पर हमला बोला, उन्होंने कहा कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खेदजनक प्रस्ताव है जो 4 दशकों के बाद किसी स्पीकर के खिलाफ लाया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ संकल्प लाने को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि विपक्षी दलों ने बिरला की निष्ठा पर सवाल खड़े किए हैं, जो बहुत अफसोसजनक है। उन्होंने सदन में विपक्ष के संकल्प पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि किसी को भी नियम के विपरीत बोलने का अधिकार नहीं है। शाह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दावा करते हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जाता, जबकि "वह खुद बोलना नहीं चाहते।"

उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा लाए गए विधेयकों का उल्लेख करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने विधेयकों पर चर्चा में भाग नहीं लिया। उन्होंने दावा किया कि वह (राहुल) पिछले साल शीतकालीन सत्र के दौरान जर्मनी की यात्रा पर थे। शाह ने कहा, "जब-जब महत्वपूर्ण सत्र होता है, उनका विदेश दौरा होता है। जब आप



वार्षिक तस्वीर

विदेश में हैं तो आप कैसे बोलेंगे। यहां वीडियो कांफ्रेंस का प्रावधान नहीं है। अगर ऐसा प्रावधान होता तो उन्हें बोलने का मौका दे देते।"

उन्होंने कहा, "विपक्ष जब अध्यक्ष की निष्ठा पर सवाल खड़ा करता है तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी है। यह हमारी परंपरा, उच्च परंपराओं के निर्वहन में बहुत अफसोसजनक घटना है।" शाह ने कहा, "लोकसभा अध्यक्ष के फैसले पर असहमति हो सकती है, लेकिन उनका निर्णय अंतिम होता है।" उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष की निष्ठा पर सवाल उठाया है।

गृह मंत्री ने कहा, "जब सदन के मुखिया की निष्ठा पर सवाल उठाया जाता है तो दुनिया में भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की साख पर सवाल खड़े हो जाते हैं।" शाह ने कहा कि बजट सत्र के पिछले चरण में लोकसभा अध्यक्ष के चैम्बर में ऐसा माहौल खड़ा किया गया कि अध्यक्ष की सुरक्षा की चिंता पैदा हो गई थी।

उन्होंने कहा कि अगर सदन के नियमों के खिलाफ कोई बोलता है तो लोकसभा अध्यक्ष को उसे रोकने और बाहर निकालने का अधिकार है। उन्होंने कहा, "75 साल से इन दोनों सदनों ने हमारे लोकतंत्र की नींव को पाताल से भी गहरा किया है, लेकिन आज विपक्ष ने इस साख पर एक प्रकार से सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

सदन आपसी विश्वास से चलता है। पक्ष और विपक्ष, दोनों के लिए सदन के अध्यक्ष संरक्षक होते हैं। इसलिए नियम बनाये गए हैं। यह सदन कोई मेला नहीं है। यहां नियमों के अनुसार चलना पड़ता है।" गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जिन तौर-तरीके को सदन के नियम अनुमति नहीं देते, उस तरह से बोलने का किसी को अधिकार नहीं है, चाहे वह कोई भी हो।

शाह ने कहा, "हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और राजग ने विपक्ष में रहते हुए कभी भी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया। हमने अध्यक्ष पद की गरिमा को संरक्षित करने का काम किया है।" उनका कहना था, "किसी के सलहाकार सामाजिक कार्यकर्ता हो सकते हैं, किसी के सलाहकार आंदोलनकारी हो सकते हैं, मगर आंदोलन और कार्यकर्ता को सदन में इसके नियमों के अनुसार ही चलना पडेगा, क्योंकि यहां नियम बनाए गए हैं।" शाह ने कहा, "विशेषाधिकार के मुगालते में जो लोग जीते हैं उनको उनकी पार्टी और जनता भी संरक्षण नहीं देती... इसलिए वे छोटे होते जा रहे हैं।

# ढाई दिन में मिलेगा सिलिंडर

## सरकार का दावा- एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह नियंत्रण में, नहीं होगी कोई किल्लत

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बिना किसी बाधा के और पूरी तरह से सुरक्षित रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद ढाई दिनों में सिलिंडर मिल जा रहा है और यह डिलिवरी की सामान्य साइकिल है। मंत्रालय ने देशवासियों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलिंडर की किल्लत की किसी भी प्रकार की आशंका के चलते 'पैनिक बुकिंग' बिल्कुल न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक ब्रीफिंग में पत्रकारों को बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है।



"गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलिंडर बुक करा रहे। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है।

सुजाता शर्मा, संयुक्त सचिव, पेट्रोलियम मंत्रालय

**दो बुकिंग के बीच के अंतर को 21 से बढ़ाकर 25 दिन किया गया**

मंत्रालय ने साफ किया है कि घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पूरी तरह से सामान्य और सुचारू तरीके से काम कर रहे हैं। वर्तमान में घरेलू परिवारों के लिए एलपीजी सिलिंडर का सामान्य डिलीवरी चक्र मात्र ढाई दिन पर स्थिर बना हुआ है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद अधिकतम ढाई दिन में सिलिंडर मिल जा रहा है। इसके साथ ही, सरकारी नीतिगत उपायों के सकारात्मक परिणामस्वरूप तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के उत्पादन में 25% वृद्धि दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा, "फीडबैक से पता चलता है कि गलत जानकारी के कारण कुछ लोग घबराकर सिलिंडर बुक करा रहे हैं और जमाखोरी कर रहे हैं। मैं साफ करना चाहती हूं कि घरेलू एलपीजी की हमारी सामान्य डिलीवरी साइकिल लगभग ढाई दिन की है, इसलिए मैं अनुरोध करती हूं... ग्राहकों को सिलिंडर बुक कराने के लिए जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है... घबराकर बुकिंग कराने की कोई जरूरत नहीं है।"

पेट्रोलियम मंत्रालय की अधिकारी ने बताया कि दो एलएनजी कार्गो भारत की ओर चल पड़े हैं। कुछ ही दिनों में देश पहुंच जाएंगे। हमारी रिफाइनरी अधिकतम क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। कुछ रिफाइनरी 100% से अधिक की क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि देश की ऊर्जा सुरक्षा पूरी तरह मजबूत है, लेकिन अफवाहों के चलते हो रही 'पैनिक बुकिंग' को रोकने के लिए ही सरकार ने एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग के नियमों में बड़ा बदलाव किया है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं

**एजेंसी समाचार**

**त्रिची।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक जनसभा को संबोधित



किया। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है, लेकिन भारत की सरकार हर परिस्थिति में 'इंडिया फर्स्ट' की नीति पर काम करती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है और केवल सही तथा सत्यापित जानकारी ही फैलानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'मुझे विश्वास है कि एक राष्ट्र के रूप में हम हर स्थिति का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।'

पीएम मोदी ने किसानों के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि कावेरी डेल्टा के किसान तमिलनाडु की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं और उन्हें उचित कीमत, बेहतर सुविधाएं तथा आधुनिक भंडारण ढांचा मिलना चाहिए।

### डीएमके पर पीएम मोदी ने साधा निशाना

पीएम मोदी रैली में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तिरुची साहस और आस्था की भूमि है और यहां आकर उन्हें हमेशा विशेष अनुभव होता है। प्रधानमंत्री ने याद किया कि दो साल पहले भी उन्हें इस शहर में एक 'आध्यात्मिक अनुभव' हुआ था। उन्होंने कहा कि उन्हें तमिल लोगों से जुड़ने में हमेशा दिलचस्पी रहती है और वे तमिलनाडु की भावनाओं को साफ-साफ महसूस कर सकते हैं।


### तमिलनाडु में बदलाव की लहर- प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने दावा किया कि राज्य में बदलाव की इच्छा तेजी से बढ़ रही है और जनता अब डीएमके सरकार को हटाने का मन बना चुकी है। उनके अनुसार लोग ऐसी सरकार चाहते हैं जो हर परिवार के लिए काम करे, न कि केवल एक परिवार के लिए। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके शासन में सत्ता एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। मंत्री और विधायक बदलते रहते हैं, लेकिन असली ताकत उसी परिवार के पास रहती है।

### तिरुची के 'कैश-फॉर-जॉब' घोटाले का जिक्र

प्रधानमंत्री ने तिरुची जिले से जुड़े कथित 'कैश-फॉर-जॉब' घोटाले का भी जिक्र किया और कहा कि जब नौकरियां पैसे लेकर बेची जाती हैं तो गरीब और मध्यम वर्ग के युवाओं के सपने टूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में होने वाला भ्रष्टाचार अंत में एक ही परिवार तक पहुंच जाता है। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रेत खनन को लेकर भी डीएमके सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इससे नदियों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है।

# सीएम योगी बोले: प्रदेश में नहीं पनपने देंगे अब दूसरा छांगुर



**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** जिले में दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तेवर में नजर आए। उन्होंने मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय और पंडित अटल विहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा किया। कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही तल्ख शब्दों में कहाकि दूसरा छांगुर किसी कीमत पर न पनपने पाए। इसके लिए कड़ी निगरानी करें और प्रभावी कदम उठाएं। इसी के साथ जोड़ा की कानून से बढ़कर कोई नहीं है, माफियाओं पर नकेल कसे रखें।

जिले में हिंदु युवतियों के धर्मांतरण और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की गहरी पैठ होने की टीस मुख्यमंत्री की उभरकर सामने आई। उन्होंने साफ कहाकि ऐसी स्थिति पर गहरी नजर रखी जाए। अवैध कार्य पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। जिससे फिर कभी कोई छांगुर सिर न उठा सके।

# बस की टक्कर से कार सवार 3 युवकों की मौत, कार काटकर निकाले गए शव

**– कार्यालय जागरण मोर्चा**


**शाहजहांपुर।** जलालाबाद-फरुर्खाबाद हाईवे पर सुबह भीषण सड़क हादसे में अर्टिगा कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और बस सड़क किनारे गड्ढे पर लटक गई। हादसे के बाद कार में फंसे शवों को गैस कटर से दरवाजा काटकर बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी के हैदराबाद थाना क्षेत्र के मूड़ा भाई गांव निवासी अरुण अपने भाई अनिल, ममेरे भाई संजय, भांजे गौरव और संजय के दोस्त ऋषभ के साथ अर्टिगा कार से इटावा सेकेंड हैंड होंडा सिटी कार खरीदने जा रहे थे। सभी लोग बुधवार सुबह करीब चार बजे घर से निकले थे। जब उनकी कार जलालाबाद-फरुर्खाबाद हाईवे पर सुगसुगी गांव के पास पहुंची, तभी फरुर्खाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ओवरटेक करते समय सामने से आ रही अर्टिगा कार को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि उस समय घना कोहरा था, जिसके कारण बस चालक कार को देख नहीं सका। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे पर जाकर लटक गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

स्थानीय लोगों की मदद से दो शव और घायलों को बाहर निकाला गया, जबकि एक शव कार में बुरी तरह फंसा हुआ था। बाद में पुलिस ने गैस कटर से कार का दरवाजा काटकर शव को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक हादसे में अरुण, संजय और ऋषभ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनिल और गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए फरुर्खाबाद रेफर किया गया है। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक अरुण (25) की शादी आगामी 20 अप्रैल को तय थी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।






## 103 करोड़ लोगों तक पहुंचा इंटरनेट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि देश में किफायती दामों पर लोगों को इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है और वर्तमान में 103 करोड़ लोगों तक इंटरनेट की कनेक्टीविटी है जबकि 2014 में यह मात्र 25 करोड़ लोगों थी। केंद्रीय इलेक्ट्रोनिकस एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में सरकार ने डिजिटल इंडिया के माध्यम से डिजिटल इनक्लूजन के लिए तीन फ्रंट पर काम किया है। सबसे पहले इंटरनेट को सब तक पहुंच को बढाना, उसके दाम को कम करना और तीसरा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना शामिल है।

# 'जो नियम तोड़ेगा, उसका माइक बंद होना ही चाहिए', विपक्ष के माइक बंद के आरोपों पर अमित शाह का पलटवार





**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए लोकसभा में बुधवार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के माइक बंद करने के आरोपों का भी जवाब दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। करीब चार दशक के बाद एक बार फिर से लोकसभा अध्यक्ष के सामने अविश्वास प्रस्ताव आया है। इस दौरान उन्होंने स्पीकर पर माइक बंद करने को लेकर विपक्ष की ओर से लगाए जाने वाले आरोपों का भी जवाब दिया।

अमित शाह ने कहा कि ये कहते हैं माइक बंद कर दिया जाता है। अभी पप्पू यादव के भाषण के दौरान गिरिराज सिंह बोल रहे थे, उनका भी माइक बंद किया गया था। मंत्री होने के बाद भी, जो नियमों के विपरीत बोलेगा, उसका माइक बंद ही कर दिया जाना चाहिए। बीएसी में तय हुआ कि इनके प्रस्ताव पर नौ तारीख को चर्चा होगी। ये अपने प्रस्ताव पर चर्चा को भी तैयार नहीं थे, यह इनकी गंभीरता बताता है। 80 फीसदी से ज्यादा भाषण स्पीकर के कंडक्ट पर नहीं, सरकार का विरोध करने के लिए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कहा कि जब स्पीकर की तरफ से किसी भी सदस्य को किसी मुद्दे पर बोलने के लिए कहा जाता है तो अगर वे दूसरे मुद्दे पर बोलते हैं तो दावा करते हैं कि उनका माइक बंद कर दिया गया। मैं कहना चाहता हूं कि अनुशासन तोड़ने पर माइक बंद होना ही चाहिए।

### कांग्रेस को विरोध करने का अधिकार नहीं- अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि सरकार का विरोध करने के लिए ढेर सारी धाराएं हैं, इसके लिए आप स्पीकर की गरिमा पर सवालिया निशान लगा रहे हो, कल भी कह रहे थे कि डिप्टी स्पीकर नियुक्त नहीं किया। कांग्रेस ने अपने ही डिप्टी स्पीकर रख दिए थे। ये कहते हैं कि डिप्टी स्पीकर पर हमारा अधिकार है। इन्होंने तो ये पद अपने सदस्य से भर दिया था। कांग्रेस पार्टी को विरोध करने का अधिकार ही नहीं है। एस वीके राव कांग्रेस के सदस्य थे और दोनों बार वही डिप्टी स्पीकर थे। हमने तो कम से कम आपके लिए खाली रखा है, आपने तो खाली भी नहीं रखा।

# छात्राओं ने झाड़ू लगाकर ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश




**बरेली/बहेड़ी।** गन्ना उत्पादक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की छात्र इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन ग्राम अदलपुर में स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेविकाओं ने गांव की सड़कों पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिनंदन कुशवाहा ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और गंदगी न फैलने दें। उन्होंने कहा कि गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए स्वच्छ वातावरण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

शिविर के द्वितीय सत्र में सहज योग पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। परम पूज्य माताजी निर्मला देवी की प्रेरणा से आयोजित इस सत्र में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं को सहज योग के महत्व और विद्यार्थी जीवन में इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करीब 80 छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति करते हुए गहन शांति का अनुभव किया।

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिनंदन कुशवाहा, डॉ. सुनील कुमार, महिपाल, सहज योग के स्टेट कोऑर्डिनेटर एस.के. अग्निहोत्री, जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह, करण स्वरूप, प्रवीण पांडे, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, मोक्ष गंगवार और रविंद्र कुमार मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रगति नगर में प्लास्टिक पाइप के गोदाम में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना सुभाषनगर क्षेत्र के प्रगति नगर में बुधवार शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग एक प्लॉट में रखे प्लास्टिक पाइप और ट्रैक्टर में लग गई, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बताया गया कि शाम करीब 6:08 बजे शंकर डेयरी के पास प्रगति नगर में एक घर में आग लगने की सूचना फायर स्टेशन सिविल लाइन को मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दो फायर यूनिटें तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गईं।

मौके पर पहुंची फायर टीम ने देखा कि प्रगति नगर के एक प्लॉट में स्थित पी.के. इंटरप्राइजेज नामक फर्म के प्लास्टिक पाइप और एक ट्रैक्टर में आग लगी हुई है। दमकल कर्मियों ने तुरंत हौज पाइप फैलाकर पंपिंग शुरू की और आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

कुछ देर की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग को पूरी तरह बुझा दिया। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई और



सूझबूझ के चलते पास में बने मकानों तक आग फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि इस घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

# स्वतंत्र गवाह नहीं, विवेचना कमजोर हत्या व गैंगस्टर केस में तीन आरोपी बरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** 17 साल पुराने हत्या और गैंगस्टर एक्ट के मामले में अदालत ने पुलिस की विवेचना और साक्ष्यों पर सवाल उठाते हुए तीन आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष जज गैंगस्टर एक्ट तबरेज अहमद की अदालत ने भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा माफी निवासी हसीन, जाहिद खां और सखावत उर्फ हिप्पी को सात मार्च को बरी करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि मामले में स्वतंत्र गवाह पेश नहीं किए गए और गैंगचार्ट जारी करने में भी उचित विवेक का इस्तेमाल नहीं किया गया।

थाना हाफिजगंज निवासी शकील उर्फ पप्पू ने सात अप्रैल 2008 को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि वह पत्नी फरजाना और बच्चों के साथ घर में सो रहा था। रात करीब तीन बजे चार लोग घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर उसके पिता लाठी लेकर दूसरे मकान से आए और हमलावरों को ललकारा। आरोप था कि इस दौरान हमलावरों ने उसके पिता को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।



## गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दाखिल की थी चार्जशीट

मामले की जांच विवेचक यतींद्र बाबू भारद्वाज ने की थी। जांच के दौरान पुलिस ने हसीन को 19 अप्रैल 2008 को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने जाहिद खां और सखावत उर्फ हिप्पी के नाम बताए। इसके बाद तीन मई को पुलिस ने सखावत को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या और गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में आरोपपत्र अदालत में दाखिल कर दिया।

## कोर्ट की टिप्पणी: विवेचना में स्वतंत्र साक्ष्य नहीं

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि विवेचक ने ऐसा कोई ठोस साक्ष्य एकत्र नहीं किया जिससे यह साबित हो सके कि आरोपी गिरोह बनाकर अपराध करते थे। केस डायरी में स्वतंत्र गवाहों का भी अभाव रहा। अदालत ने यह भी कहा कि पत्रावली में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे यह स्पष्ट हो कि जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त बैठक कर गैंगचार्ट को अनुमोदित किया हो। इन कमियों के चलते अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

## गवाहों ने अदालत में पहचानने से किया इनकार

मुकदमे की सुनवाई के दौरान वादी शकील उर्फ पप्पू समेत तीन गवाहों ने अदालत में आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया। गवाहों ने यह भी कहा कि आरोपी घटना में शामिल नहीं थे। इसके बाद अभियोजन पक्ष का मामला मामला कमजोर पड़ गया।

# शौचालय में बनाया अश्लील वीडियो आठ लाख और संबंध का दबाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में एक महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने और ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की ओर से न्यायालय में प्रार्थना पत्र देने के बाद कोर्ट के आदेश पर बारादरी थाने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला का आरोप है कि वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल कर संबंध बनाने और रुपये देने का दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डोहरा रोड निवासी महिला ने थाना प्रभारी धनंजय पांडेय को दी तहरीर में बताया कि उसके पति का परिचय परचून की दुकान चलाने वाले वीर सिंह से था। दोनों परिवारों के बीच काफी समय से आना-जाना था। महिला का आरोप है कि उन्होंने जरूरत के समय वीर सिंह और उनकी पत्नी की आर्थिक मदद भी की थी और करीब तीन लाख रुपये दिए थे। साथ ही दुकान के कामकाज में भी सहयोग किया जाता था। पीड़िता के अनुसार 14 जुलाई 2025 को वह वीर सिंह के घर स्थित शौचालय में गई थी। इसी दौरान वीर सिंह के पौत्र वंश ने चोरी-छिपे उसका अश्लील वीडियो बना लिया। आरोप है कि इसके बाद वंश वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा और संबंध बनाने के लिए दबाव डालने लगा।

महिला का आरोप है कि वंश ने उसे धमकी दी कि अगर उसने उसकी बात नहीं मानी तो वीडियो वायरल कर देगा। इसके साथ ही दो लाख रुपये की मांग भी की गई। लगातार ब्लैकमेलिंग और धमकियों के कारण परिवार पर मानसिक दबाव बढ़ गया। महिला का कहना है कि इस घटना से उसके पति को गहरा सदमा लगा और उनकी तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी।

पीड़िता ने बताया कि वंश ने यह भी कहा था कि उसने अपने दादा वीर सिंह के कहने पर वीडियो बनाया था। महिला का आरोप है कि जब उसने विरोध किया और शिकायत की बात कही तो 20 नवंबर 2025 को वीर सिंह, अनुज साहू, वंश साहू और रवि सोलंकी उसके घर पहुंचे और झगड़ा करने लगे। इस दौरान जातिसूचक टिप्पणी भी की गई। इसके बाद आरोपियों ने कथित तौर पर अश्लील वीडियो वायरल कर दिया और आठ लाख रुपये की मांग करने लगे। महिला का कहना है कि रुपये न देने पर अन्य वीडियो भी वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। साथ ही संबंध बनाने का दबाव भी बनाया जा रहा था।

## पुलिस कर रही मामले की जांच

थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर न्यायालय के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ पहले वीर सिंह की ओर से दुकान का सामान चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जो न्यायालय के आदेश पर लिखी गई थी और उसकी विवेचना भी चल रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सऊदी में 'काजी-ए-हिंदुस्तान की हिरासत' की खबर निकली अफवाह

- रियाद के रेस्टोरेंट में भीड़ जुटने पर हुई थी पूछताछ

जागरण मोर्चा कार्यालय


**बरेली।** सऊदी अरब में उमरा के लिए गए काजी-ए-हिंदुस्तान (ग्रैंड मुफ्ती ऑफ इंडिया) और दरगाह आला हजरत से जुड़े उलेमा को लेकर सोशल मीडिया पर फैली हिरासत की खबर मंगलवार को अफवाह साबित हुई। दरअसल रियाद के एक रेस्टोरेंट में इफ्तार के दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के जुटने के कारण सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन कुछ लोगों से पूछताछ की थी, जिसे सोशल मीडिया पर गलत तरीके से हिरासत बताकर वायरल कर दिया गया।

## रेस्टोरेंट में इफ्तार के दौरान जुटी थी भीड़

जानकारी के अनुसार उमरा के लिए सऊदी अरब पहुंचे उलेमा और जायरीन ने रियाद के एक रेस्टोरेंट में इफ्तार के बाद मुलाकात और भोजन का कार्यक्रम रखा था। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद वहां पहुंच गए, जिससे रेस्टोरेंट में भीड़ बढ़ गई। सऊदी अरब में इन दिनों सुरक्षा कारणों से भीड़ जुटाने पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सूचना मिलने पर सऊदी पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद वहां मौजूद कुछ लोगों से पूछताछ की।

## यूपी समेत कई शहरों के जायरीन थे मौजूद

बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में बरेली, रामपुर और मुरादाबाद सहित उत्तर प्रदेश के कई शहरों से उमरा करने पहुंचे जायरीन मौजूद थे। इसके अलावा मुंबई और महाराष्ट्र के अन्य इलाकों से आए अकीदतमंद भी रेस्टोरेंट में मौजूद थे। भीड़ अधिक होने के कारण सुरक्षा एजेंसियों ने स्थिति को लेकर एहतियाती जांच की।



## संगठन ने बताया– हिरासत की खबर गलत

जमात रज़ा-ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ग्रैंड मुफ्ती ऑफ इंडिया के दामाद सलमान हसन खां (सलमान मियां) ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही हिरासत की खबर पूरी तरह गलत है। उन्होंने बताया कि उलेमा इफ्तार के बाद भोजन के लिए रेस्टोरेंट गए थे, जहां अकीदतमंदों की भीड़ जमा हो गई थी। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण सऊदी सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं, इसलिए वहां मौजूद कुछ लोगों से सामान्य पूछताछ की गई थी।

## 15 मार्च को भारत लौटेंगे उलेमा

सलमान मियां के अनुसार ग्रैंड मुफ्ती ऑफ इंडिया और अन्य उलेमा की रियाद से मदीना शरीफ के लिए फ्लाइट निर्धारित है। तय कार्यक्रम के अनुसार उमरा की यात्रा पूरी करने के बाद सभी उलेमा 15 मार्च को भारत लौटेंगे। सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद देशभर में अकीदतमंदों के बीच चिंता फैल गई थी। कई लोग फोन कर उलेमा की खैरियत पूछते रहे। बाद में दरगाह से बयान जारी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हुई और लोगों ने राहत की सांस ली। धार्मिक संगठनों ने लोगों से अपील की है कि बिना पुष्टि के सोशल मीडिया पर वायरल हो रही खबरों पर विश्वास न करें और अफवाह फैलाने से बचें।

# गैस बुकिंग सिस्टम ठप, इंडियन ऑयल का पोर्टल बंद

- हजारों उपभोक्ता दिनभर भटके

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में गैस सिलेंडर बुकिंग को लेकर मंगलवार को अफरा-तफरी का माहौल रहा। इंडियन ऑयल का ऑनलाइन पोर्टल अचानक बंद हो जाने से हजारों उपभोक्ता गैस बुकिंग नहीं कर सके और दिनभर एजेंसियों के चक्कर लगाते रहे। कई लोगों ने फोन और ऑनलाइन माध्यम से बुकिंग की कोशिश की, लेकिन देर रात तक पोर्टल नहीं खुलने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती रही। मामले की जानकारी मिलने पर डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी (छ्रस्ह्र) ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

इधर प्रदेश में तेल-गैस की किल्लत की अफवाहों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है।

जिला प्रशासन, पुलिस और आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने कई गैस एजेंसियों के शोरूम और गोदामों पर छापेमारी कर स्टॉक और वितरण व्यवस्था की जांच की। अधिकारियों ने एजेंसी संचालकों को चेतावनी दी कि गैस की कालाबाजारी या अवैध भंडारण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जांच के दौरान अधिकारियों को यह भी शिकायतें मिलीं कि कुछ जगहों पर घरेलू गैस सिलेंडर ब्लैक मार्केट में 1600 रुपये तक बेचे जा रहे हैं।

इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ गई और लोग एजेंसियों को लगातार फोन कर गैस बुकिंग की जानकारी लेते रहे। प्रशासन ने साफ कहा है कि यदि कोई एजेंसी या व्यक्ति ब्लैक मार्केटिंग में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी।



> जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और अफवाहों से बचने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि गैस एजेंसियों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।
>
> मनीष कु मार, जिला पू र्ति अधिकारी



### ऐसे बुक करें सिलिंडर

**फोन कॉल से बुकिंग:**
भारत गैस - 7715012345 / 7718012345
इंडेन गैस - 7718955555
एचपी गैस - 8888823456

**मिस्ड कॉल से बुकिंग:**
भारत गैस - 7710955555
इंडेन गैस - 8454955555
एचपी गैस - 9493602222

**व्हाट्सएप से बुकिंग:**
भारत गैस - 1800224344
इंडेन गैस - 7588888824
एचपी गैस - 9222201122

**मोबाइल ऐप से बुकिंग:**
भारतगैस हेलो बीपीसीएल, इंडियन ऑयल वन, एचपी पे

**ऑनलाइन माध्यम:**
पेटीएम, अमेजॉन, गूगल पे, फोनपे और संबंधित कंपनियों की वेबसाइट के माध्यम से भी गैस सिलिंडर बुक किया जा सकता है।

## बरेली में बेकरी-रेस्टोरेंट और ढाबों पर संकट

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और आपूर्ति बाधित होने के असर अब बरेली में साफ दिखने लगे हैं। जिले में व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की किल्लत से बेकरी उद्योग, रेस्टोरेंट, मैरिज लॉन और ढाबों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मंगलवार को कई स्थानों पर व्यावसायिक सिलिंडर ब्लैक में 2500 रुपये तक बिकते पाए गए, जबकि इसकी अधिकृत कीमत करीब 1980 रुपये है। रेस्टोरेंट और मैरिज लॉन संचालकों का कहना है कि उन्होंने कई महीने पहले से कार्यक्रमों की बुकिंग ले रखी है। ऐसे में भोजन व्यवस्था के लिए बड़ी मात्रा में व्यावसायिक सिलिंडरों की जरूरत होती है, लेकिन वर्तमान में सिलिंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इससे आगामी कार्यक्रमों को लेकर संचालकों में चिंता बढ़ गई है।

## हेल्पलाइन जारी... शिकायत पर तुरंत कार्रवाई

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए हेल्पलाइन जारी की है। उपभोक्ता गैस की कृत्रिम कमी, कालाबाजारी या बुकिंग से जुड़ी समस्या की शिकायत सीधे प्रशासन से कर सकते हैं।

# गैस एजेंसियों के स्टॉक की होगी रोजाना जांच

**बरेली।** जिले में एलपीजी सिलिंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी की खबरों के बीच प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बुधवार को तेल एवं गैस कंपनियों और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर गैस एजेंसियों पर कड़ी निगरानी रखने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध बैठक में तीनों तेल कंपनियों के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि जिले में एलपीजी सिलिंडर, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। अधिकारियों ने बताया कि नए नियम के तहत गैस सिलिंडर की रिफिल अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। साथ ही वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए ओटीपी आधारित डिलीवरी व्यवस्था लागू की गई है, जिससे कालाबाजारी की संभावना कम होगी।

## एजेंसियों के स्टॉक की होगी रोजाना मॉनीटरिंग

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गैस एजेंसियों के दैनिक स्टॉक की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में भ्रमण कर जांच करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि किसी भी स्तर पर कालाबाजारी या जमाखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अफवाहों से बचने की अपील

डीएम ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि जिले में गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। लोग किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनहित में कंट्रोल रूम नंबर भी जारी किए गए हैं, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## घर बैठे करें गैस सिलिंडर की बुकिंग

जिलाधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर बुक कराने के लिए गैस एजेंसी या गोदाम जाने की जरूरत नहीं है। लोग घर बैठे ही फोन कॉल, मिस्ड कॉल, व्हाट्सएप, मोबाइल ऐप और ऑनलाइन माध्यमों से आसानी से सिलिंडर बुक कर सकते हैं। बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम न्यायिक देश दीपक सिंह, उपजिलाधिकारी तृप्ति, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे

REGISTRATION INDIA TM©

हजारों संतुष्ट ग्राहक

ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-

We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax

अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- MSME ₹ 499
- NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999
- Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999
- E- Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999
- Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।

ISO Registration ₹4999

Contact: 7500223290 7500277920

T&C Apply

एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

## आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**

7906815587, 9758444242

## एक नजर

### सड़क हादसों में तीन लोग जख्मी, दो रेफर

**शाहबाद।** मंगलवार देर रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया ।जानकारी के अनुसार, शाहबाद के मोहल्ला अफगान निवासी रियाज आंवला रोड पर किसी काम से जा रहे थे दूसरी तरफ से थाना क्षेत्र के तुरखेड़ा निवासी सतवीर आ रहे थे, दोनों की बाइकों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों रियाज और सतवीर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत एंबुलेंस से सीएचसी शाहबाद पहुंचाया गया। इसी दौरान कासमनगला निवासी मंगलेश भी एक अन्य सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने रियाज और सतवीर की गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# जुमा अलविदा को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन

## यातायात सुरक्षा के लिए अधिकारियों को किया तैनात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जमात-उल-विदा, ईद उल फितर पर कानून व्यवस्था के लिए प्रशासन सतर्क अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। नमाज के दौरान यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है।

जमात-उल-विदा अलविदा रमजान का अन्तिम शुक्रवार, ईद-उल-फितर का त्यौहार चन्द्र दर्शन के अनुसार 21 मार्च को मनाया जाएगा। ईदगाह में जनपद की तहसीलों-ग्रामों से भारी संख्या में नमाजी अपने-अपने वाहनों से सम्मिलित होने के लिए आते है नमाज अदा करते हैं। जिसके दृष्टिगत उनके आस-पास यातायात नियंत्रण तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति सामान्य रखने के लिए आवश्यकतानुसार निरोधात्मक उपाय एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी दृष्टि रखना आवश्यक है। ताकि कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ रहे और आपसी सामंजस्य बना रहे तथा नमाजियों की निकासी के समय जाम या अन्य बाधा की स्थिति उत्पन्न न हो। जमात-उल-विदा अलविदा-रमजान का अन्तिम शुक्रवार एवं ईद-उल-फितर के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था सामान्य रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### अलविदा-ईद उल फितर को लेकर इन अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि ईदगाह चौराहा पर चकबन्दी अधिकारी आदित्य कुमार, जामा मस्जिद पर नायब तहसीलदार सदर मानवेन्द्र सिंह, थाना कोतवाली पर नायब तहसीलदार सदर देवेश पाण्डेय, थाना गंज पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, थाना सिविल लाइन पर जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, थाना टांडा पर तहसीलदार निश्चय कुमार, थाना स्वार में तहसीलदार स्वार आकाश संत, थाना अजीमनगर में खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर प्रदीप चौधरी, थाना मिलकखानम में खंड विकास अधिकारी स्वार ऋषिपाल सिंह, थाना बिलासपुर में तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, थाना खजुरिया में खंड विकास अधिकारी बिलासपुर पीयूष वर्मा, थाना केमरी में नायब तहसीलदार बिलासपुर अंकुर अंतल, थाना भोट में खंड विकास अधिकारी चमरौआ प्रमोद सिंह, थाना मिलक में नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी, थाना शहजादनगर में खंड विकास अधिकारी मिलक राजेश कुमार, थाना सैफनी में खंड विकास अधिकारी शाहबाद धीरेन्द्र पाल सिंह, थाना शाहबाद में तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार सिंह, थाना पटवाई में नायब तहसीलदार शाहबाद राजेश कुमार एवं महिला थाना में जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी की ड्यूटी लगाई गई है।

### 24 घंटे चालू रखें मोबाइल

नगर मजिस्ट्रेट सभी उप जिला मजिस्ट्रेट तथा ड्यूटी पर लगाए सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क एवं भ्रमणशील रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखेगें। यदि किसी क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसका तत्काल स्थल पर ही दृढ़तापूर्वक समाधान करते हुए उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देगें। अधिकारी अपना मोबाइल नम्बर 24-घंटे चालू रखेगें। कोई भी अधिकारी अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। इस त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरती जाना तय की जाए। जमात-उल-विदा अलविदा-रमजान का अन्तिम शुक्रवार एवं ईद-उल-फितर के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने व कानून एवं शांति व्यवस्था की स्थिति सामान्य रखने तथा अन्य व्यवस्थाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोल रूम रहेगा।

## टेंपों चालक पर महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट

**जागरण मोर्चा कार्यालय,** बिलासपुर। एक महिला ने टेंपो चालक पर घर ले जाकर बंधक बनाने और दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

उत्तराखंड के जिला उधम सिंह नगर के रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 शिवनगर निवासी महिला अपने पति के साथ थाने पहुंची। लिखित शिकायत दी। शिकायत में उन्होंने बताया कि सात मार्च की शाम करीब सात बजे एक टेंपो चालक उन्हें अपने घर ले गया, जहां कथित रूप से बंधक बनाकर उनके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया की इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने बताया बताया कि घटना सात मार्च शाम की बताई जा रही है, जबकि इसकी सूचना ग्यारह मार्च को थाने को दी गई है। जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 1227 लाख से बनेगी 6.2 किमी लंबी सड़क

- बिलासपुर में यातायात को मिलेगी नई रफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** विधानसभा क्षेत्र बिलासपुर में सड़क और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने बताया कि नगर में अनाज मंडी जीरो प्वाइंट से मैकडॉवेल जीरो प्वाइंट तक लगभग 6.2 किलोमीटर लंबे मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया है।

करीब 1227.82 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह मार्ग नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सड़क के चौड़ीकरण से जहां यातायात व्यवस्था सुगम होगी, वहीं व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा और आम नागरिकों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।

सरदार बलदेव सिंह औलख ने कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह कार्य शुरू कराया गया है। लंबे समय से इस मार्ग पर जाम और सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को काफी



परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क निर्माण के बाद इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी।कहा कि एक जनसेवक के रूप में क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की सुविधा, विकास और बेहतर भविष्य के लिए लगातार कार्य करना उनकी प्राथमिकता है।

बिलासपुर को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित नगर बनाने के लिए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सरदार बलदेव सिंह औलख ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई दिशा मिल रही है और इसी क्रम में बिलासपुर भी लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## महिला की मौत के मामले में अज्ञात चालक पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** 7 मार्च को शाहबाद-बिलारी रोड पर हुए एक सड़क हादसे में 24 वर्षीय महिला की मौत हो गई।

हादसा शाहबाद- बिलारी रोड स्थित मंगोली गांव में नेताजी सुभाष विद्या मंदिर प्राइमरी पाठशाला के पास हुई। जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने पूजा देवी पत्नी महीपाल निवासी मोहल्ला मंगोली को टक्कर मार दी, जिसमें पूजा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसको परिजनों के द्वारा उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। रास्ते में ही पूजा देवी ने दम तोड़ दिया। तहरीर के अनुसार पूजा देवी खेत




से काम करके घर लौट रही थीं तभी बिलारी की ओर से आ रहे ट्रक ने उन्हें अपनी साइड में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पूजा देवी को गंभीर हालत में सीएचसी शाहबाद ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत मुरादाबाद रेफर कर दिया। हालांकि, मुरादाबाद ले जाते समय सैफनी पहुंचने पर रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। शाहबाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# स्वार विधायक ने त्वरित आर्थिक विकास योजना में 10 सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** विधानसभा क्षेत्र स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत विभिन्न सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा है। उन्होंने इन कार्यों को शासन से स्वीकृत कराते हुए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से कराए जाने का अनुरोध किया है।

विधायक ने अपने पत्र में बताया विधानसभा क्षेत्र में आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से उन्होंने कुल 10 सड़क निर्माण कार्यों को प्रस्तावित किया है। प्रस्तावित कार्यों में मसवासी में बिजली घर के सामने से मझरा खुशहालपुर तक लगभग 900 मीटर सड़क निर्माण, ग्राम रहमतगंज की आंतरिक गलियों में करीब 572 मीटर सीसी रोड का निर्माण, ग्राम पंचायत पीपलीनायक से जाहरवीर बाबा के मंदिर तक लगभग 700 मीटर मार्ग निर्माण और मेवला धारू में मेहंदी के घर से पुलिया तथा श्मशान घाट तक करीब 800 मीटर सड़क निर्माण शामिल है। इसी प्रकार ग्राम किशनपुर दूल्हा नगला में श्मशान घाट होते हुए लालपुर मुख्य मार्ग तक करीब 800 मीटर सड़क निर्माण, ग्राम पीपली नायक से रूपापुर तक लगभग 2400 मीटर लंबी सड़क का निर्माण, नगर पंचायत मसवासी में राधिका मैरिज पैलेस से महाविद्यालय तक करीब 600 मीटर सड़क निर्माण और मोहल्ला मरघटी से करखेड़ी रोड से केशोन गली तक करीब 500 मीटर मार्ग निर्माण का प्रस्ताव भी भेजा गया है।इसके अलावा तहसील स्वार के ग्राम भूवरी मिलक से बेलवाड़ा वाले चौराहे तक लगभग 1100 मीटर सड़क निर्माण तथा मोहल्ला टंडोला में माता के मंदिर से ग्राम सेंटाखेड़ा तक करीब 1550 मीटर सड़क निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है।विधायक ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि इन सभी प्रस्तावित कार्यों को शासन को भेजकर स्वीकृति दिलाई जाए। ताकि क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी इलाकों में आवागमन की सुविधा बेहतर हो सके।विकास कार्यों को गति मिल सके। पत्र की प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को भी भेजी गई है।



## महिला से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद:** थाना क्षेत्र में एक महिला ने छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसके परिवार को तलवार दिखाकर धमकाया और घर पर पत्थर भी फेंके। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

पीड़िता के अनुसार लगभग दो महीने पहले उसके जीजा का टिंकू पुत्र बेनीराम से किसी बात पर विवाद हो गया था। इस विवाद के बाद टिंकू और उसके भाई ने पीड़िता के जीजा के साथ मारपीट और गाली-गलौज की थी। इसी दौरान उन्होंने पीड़िता के साथ भी छेड़छाड़ करने और उसके नाजुक अंगों को छूने की कोशिश की, जिसका विरोध करने पर वे चले गए थे। इसी रंजिश के चलते 5 मार्च 2026 को टिंकू, उसका भाई नेकपाल, पिता बेनीराम और दो अज्ञात व्यक्ति दोबारा पीड़िता के घर आए। आरोप है कि गाली-गलौज करते हुए पीड़िता के पिता की गर्दन पर तलवार रख दी। आरोपियों ने धमकी दी कि जो रिपोर्ट तूने लिखी थी वह तूने क्यों लिखवाई, मेरे पिता थाने में ही काम करते हैं। मैंने पिता से कहकर वह रिपोर्ट गायब करवा दी है। अगले दिन 6 मार्च 2026 को सुबह करीब 8 बजे दोनों आरोपी फिर से आए और घर पर पत्थर बरसाने लगे। उन्होंने पीड़िता को गाली-गलौज करते हुए कहा, जब तो तू बच गई थी, अब तेरे साथ बलात्कार करके रहूंगा। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शाहबाद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसपी के आदेश पर दहेज उत्पीड़न में पति समेत 8 पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** बुधवार को शाहबाद पुलिस ने एसपी के आदेश पर दहेज के लिए महिला का उत्पीड़न करने वाले पति समेत 8 लोगों पर केस दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला नालापार निवासी रामप्रसाद की बेटी रेखा ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसकी शादी 2016 में बरेली जनपद के आंवला तहसील के अजमेर गांव निवासी राजवीर के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी।

शादी में उसके माता पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन महिला के ससुराल वाले उससे खुश नहीं थे और आए दिन कम दहेज के लिए ताने देते थे। इसी बीच महिलाके दो बच्चे दुर्गा उम्र दस साल और कुणाल उम्र 6 वर्ष हुए। आरोप है कि पांच वर्ष पूर्व उसके ससुराल वालों ने उसे दोनों बच्चों समेत घर से निकाल दिया। इसके बाद वह अपने मायके में ही रह रही है। महिला का आरोप है कि बीती 18 फरवरी 2026 को उसका देवर राम सिंह, वीरू, वीरेंद्र, लक्ष्मी, नन्हे और रोहताश उसके मायके में आए। मारपीट करने लगे और उसे घसीटते हुए बाहर तक ले आए। आसपास के लोगों ने दौड़कर महिला को बचाया। पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार शाहबाद पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर पति राजवीर समेत राम सिंह, वीरू, पिंकी, वीरेंद्र, लक्ष्मी, नन्हे और रोहताश के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

## खेत से पंपिंग सेट चुरा ले गए बदमाश

**जागरण मोर्चा कार्यालय, स्वार।** क्षेत्र के गांव मिलक खोद में पानी लगाने के लिए खड़ा पानी का इंजन (पंपिंग सेट) मंगलवार की रात खेत पर से चोर चुराकर ले गए। किसान ने इंजन की चोरी की तहरीर चौकी पुलिस को दी है।

मिलक खोद निवासी छोटे ने चौकी पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव मिलक के करीब उसका खेत है जिस पर उसने फसल को पानी लगाने के लिए पानी का इंजन खड़ा कर रखा था मंगलवार रात किसी समय उसके पानी के इंजन को चोर चुराकर ले गए। इसकी जानकारी उसको बुधवार की सुबह जब वह खेत पर गया तब लगी उसने को काफी तलाश किया। उधर चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली हैं जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## दोषी को 2 वर्ष की सजा 50 हजार का जुर्माना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 10 मार्च को एससी-एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने धारा 353, 504, 506 व धारा 3(1)(ध) एससी-एसटी एक्ट थाना गंज में आरोपी रहमतुल्ला खां उर्फ अबू को 2 वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

अभियोजन कथानक के अनुसार पीड़ित ने द्वारिकानाथ सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद में तैनात है। पांच सितंबर 2022 को समय 3.20 बजे दोपहर वार्ड -9 खटकान के सफाई नायक से टेलीफोन पर वार्ता के क्रम में उपस्थिति स्थल पर कर्मचारियों के निरीक्षण करने गए थे। वहां पर 4 सफाई कर्मचारी मौजूद थे। सफाई नायक से अतिरिक्त कर्मचारियों के बारे में पूछा कि अन्य कर्मचारी कहां हैं तो रहमतुल्ला खां उर्फ अबू साहब अपने आप को सभासद बताते हुए उन्हें गालियां दी। जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। सफाई कर्मचारी की फावड़ी लेकर मारने के लिये दौड़ पड़े। धमकी देते हुए कहा कि में नौकरी नहीं करने दूंगा जीना हराम कर दूंगा चाकू गोद-गोद कर मार डालूंगा। विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर अनुज कुमार चौधरी द्वारा संपादित की थी। अभियोजन की ओर से इस मामले में कुल 8 गवाह प्रस्तुत किए गये राज्य की ओर से अभियोजन का पक्ष रोहताश कुमार पाण्डेय संयुक्त निदेशक अभियोजन व अभियोजन अधिकारी पुनीत कुमार तथा आरोपी की ओर से विनोद कुमार शर्मा द्वारा पैरवी की। न्यायालय द्वारा 50 हजार में से 25 हजार रुपये वादी मुकदमा को मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान करने को आदेशित किया।

# पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष पहुंचे आजम खां के घर

## पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. तजीन फात्मा से की मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पूर्व विधायक संजय कपूर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित पूर्व मंत्री आजम खां के घर पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. तजीन फात्मा से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है।

पूर्व राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक संजय कपूर, जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने कहा कि रामपुर की पहचान हमेशा से भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब के लिए रही है। आज भी समाज में संवाद और आपसी सम्मान बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि



पूर्व राज्यसभा सांसद से वार्ता करते पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

प्रदेश की मौजूदा परिस्थितियों में जनता से जुड़े मुद्दों पर संवाद जरूरी है और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी जिम्मेदार लोगों को आगे आना चाहिए। मुलाकात के दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने आजम खान के परिवार को आने वाले पावन पर्व होली की बधाई दी।

## एक नजर

### नाबालिग को भगा ले जाने में दो पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। साथ ही साथ पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शाहबाद थाना क्षेत्र के मोहम्मद गंज निवासी शिकायतकर्ता मीना ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती 9 मार्च की सुबह दस बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी को अजय पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम कुरा थाना बहजोई जनपद संभल बहला-फुसलाकर ले गया। इस काम में मोहम्मदगंज निवासी प्रति सिंह पुत्र रामभरोसे ने भी अजय की मदद की। मीना की तहरीर पर पुलिस ने अजय और प्रति सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए अपहर्ता को बरामद कर मुख्य आरोपी अजय पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी ग्राम कुरा थाना बहजोई जनपद संभल को ग्राम केसरपुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक राम बाबू, कांस्टेबल कोशिंदर सिंह, महिला कांस्टेबल संध्या उपाध्याय रहे।

# प्रयागराज से आए युवाओं ने किया रजा लाइब्रेरी का शैक्षिक भ्रमण

## लाइब्रेरी के निदेशक ने ज्ञान, शोध और सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर डाला प्रकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारत सरकार के तहत आयोजित इंटर-डिस्ट्रिक्ट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत प्रयागराज से आए युवाओं के प्रतिनिधिमंडल ने रामपुर रज़ा पुस्तकालय का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को रामपुर रजा पुस्तकालय के समृद्ध इतिहास, दुर्लभ पांडुलिपियों, बहुभाषिक संग्रह तथा सांस्कृतिक विरासत के विषय में विस्तार से अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र का एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें उन्होंने युवाओं को ज्ञान, शोध और सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर प्रकाश डाला। निदेशक ने कहा कि आज युवा रामपुर रज़ा पुस्तकालय के प्रांगण में पधारे हैं। यह पुस्तकालय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। प्रख्यात कवि रामधारी सिंह दिनकर ने कहा था, जिधर जवानी चढ़ती है, उधर जमाना चलता है। आने वाले समय में अपने समाज, अपने देश और पूरे विश्व की दिशा तय करने का कार्य युवाओं का ही होता है।रामपुर रजा पुस्तकालय विश्वविख्यात पुस्तकालय है। इसकी स्थापना को 251 वर्ष हो चुके हैं। रामपुर रियासत के साथ इस पुस्तकालय की स्थापना 7 अक्टूबर 1774 को हुई थी। उस समय के नवाब फैजुल्लाह खान के मन में इस प्रकार का पुस्तकालय स्थापित करने का भाव आया। उसके बाद पीढ़ी दर पीढ़ी आगे के नवाबों ने इस संग्रह को समृद्ध किया। इस पुस्तकालय के संग्रह में बहुत सी अमूल्य पांडुलिपियां हैं। 21 से अधिक भाषाओं में यहां पांडुलिपि और मुद्रित पुस्तकें उपलब्ध हैं। भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने पुस्तकालय के विभिन्न अनुभागों, दुर्लभ संग्रह तथा संग्रहालय का अवलोकन किया और पुस्तकालय के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।



रजा लाइब्रेरी के दरबार हाल में युवाओं को जानकारी देते निदेशक डॉ .पुष्कर मिश्र। -जागरण मोर्चा

### समन्वय, सहयोग की भावना को बढ़ावा दें

लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि हम सब भी मनीषा को अपने आचार, विचार, व्यवहार और संस्कार में अपनाएं। केवल स्वयं ही भी मनीषा को न अपनाएं। बल्कि इस मनीषा को समाज और विश्व के अन्य लोगों तक भी पहुंचाने तथा स्थापित करने का प्रयास करें। हम अपने स्तर पर जितना भी कर सकते हैं, उस दिशा में सकारात्मक कार्य करें और ऐसा मानस तैयार करें। जो सहअस्तित्व, समन्वय और सहयोग की भावना को बढ़ावा दें।

# स्वार स्वास्थ्य केंद्र की नर्स को नोटिस मरीजों ने पर्चा काउंटर पर किया हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने वाली महिलाओं से मिठाई के नाम पर सुविधा शुल्क लेने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। खबर सामने आने के बाद चिकित्सा प्रभारी ने स्टाफ नर्स शशिबाला को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों में भी खलबली मच गई है।

बताया जा रहा है कि प्रसव के बाद तीमारदारों से मिठाई के नाम पर लगभग डेढ़ हजार रुपये तक की मांग किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा प्रभारी ने स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण मांगा है और आगे की कार्रवाई की बात कही है। इससे पहले भी स्वास्थ्य केंद्र में एक अन्य स्टाफ नर्स पर अवैध वसूली के आरोप लग चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद इस तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं।इधर मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण खिड़की पर पर्चा बनवाने में देरी को लेकर मरीजों का गुस्सा फूट पड़ा। लंबे समय तक लाइन में खड़े रहने के बाद भी पर्चा न बनने से नाराज मरीजों ने केंद्र परिसर में हंगामा कर दिया।मरीजों के अनुसार सुबह करीब ग्यारह बजे सुधीर कुमार, मोहम्मद अहमद और रियासत अली सहित कई लोग दवा लेने के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। उस समय पंजीकरण खिड़की पर लंबी कतार लगी हुई थी। लोगों का कहना था कि तेज गर्मी और रमजान के दौरान वे करीब एक घंटे से लाइन में खड़े थे, लेकिन पर्चा नहीं बन पा रहा था।

आरोप है कि जब मरीजों ने खिड़की पर तैनात कर्मचारी से शिकायत की तो उन्हें निजी अस्पताल से दवा लेने की सलाह दे दी गई। इस बात से नाराज मरीजों का गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा शुरू कर दिया। मरीजों ने यह भी शिकायत की कि पंजीकरण के लिए केवल एक ही खिड़की है, जहां पुरुष और महिलाएं एक ही लाइन में खड़े होकर पर्चा बनवाने को मजबूर होते हैं। इससे अक्सर भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर आर के चंदेल ने बताया कि स्टाफ नर्स को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# जनपद को तंबाकू मुक्त बनाने को दिलाई शपथ

## सीएमओ कार्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सत्य प्रकाश द्वारा कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी को जनपद को तंबाकू मुक्त बनाने की मुहिम में शामिल होने के लिए शपथ दिलाई। हस्ताक्षर कार्यक्रम का डॉ. सत्य प्रकाश, डॉ. संतोष कुमार ने शुभारंभ किया। इसके उपरांत एक जुर्माना अभियान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना के नेतृत्व में चलाया। जिला चिकित्सालय में धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों का जुर्माना लगाया। इसके उपरांत थाना एएचटीयू की टीम के साथ तंबाकू विक्रेताओं को चेक किया। जिसमें विद्यालय के आसपास एवं ऐसे विक्रेता अधिनियम का उल्लंघन करते पाए गए। कुल 22 तंबाकू विक्रेताओं को चेक किया। जिसमें से उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान, थाना एएचटीयू के वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज त्रिपाठी एवं अन्य पुलिस पर उपस्थित रहा।




सीएमओ कार्यालय में डिप्टी सीएमओ को गुलदस्ता देते एसीएमओ। -जागरण मोर्चा

# कब्जा हटाए जाने को लेकर एसडीएम से मिले

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** तहसील सदर के ग्राम घनश्यामपुर निवासी चिरंजीलाल ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात की।इसके बाद उन्होंने एक ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें उनका कहना है कि गाटा संख्या 1 मीटर, 2 रकबा,0.2260 और 0.1100 हेक्टेयर पर काबिज और सहकाश्तकार है।

आराजी पट्टे के रूप में 13 नवंबर 2003 को वीर सिंह को मिली। अब चिरंजीलाल और वीर सिंह आराजी 1/2 का मालिक है। लेकिन वीर सिंह ने रकवे पर पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया है। चिरंजीलाल को वीर सिंह न तो फसल बोने दे रहा है और न ही जाने देता है। चिरंजीलाल का कहना है कि 17 नवंबर 2025 को पुलिस से शिकायत कर चुका है लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

# सरकारी वाहनों से संवरी रेहड़ी-पटरी वालों की तकदीर

## 8 वैनशॉप के साथ मिला स्थायी ठिकाना,जाम और अतिक्रमण से मिलेगी निजात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर में अतिक्रमण और जाम का सबब बनने वाले रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को अब एक स्थायी और सम्मानजनक ठिकाना मिल गया है। नगर पालिका परिषद रामपुर ने एक अनूठी पहल करते हुए निष्प्रयोज्य (कबाड़) सरकारी वाहनों को मॉडिफाई कर शानदार वैनशॉप में तब्दील कर दिया है।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत फोटो चुंगी के समीप विकसित किए गए इस नए सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन में 8 वैनशॉप का जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया।अक्सर सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से ठेले लगाने के कारण शहर में जाम की स्थिति पैदा हो जाती थी। इसके चलते नगर पालिका द्वारा चलाए जाने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियानों में इन रेहड़ी-पटरी वालों को हटा दिया जाता था, जिससे उनके सामने हमेशा अपनी रोजी-रोटी छिनने का डर बना रहता था। इस बड़ी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने निष्प्रयोज्य शासकीय वाहनों को मोबाइल शॉप (वैनशॉप) में बदल दिया और रेहड़ी-पटरी संचालकों को चिन्हित कर उन्हें एक स्थायी वेंडिंग जोन में स्थापित कर दिया। इस नए वेंडिंग जोन में ग्राहकों के लिए कई सुविधाएं एक ही स्थान पर मौजूद हैं। इन 08 मोबाइल वैनशॉप्स पर कपड़े, खाने-पीने की स्वादिष्ट वस्तुएं, फास्ट फूड और बच्चों के खेलने के सामान (खिलौने) सहित कई अन्य वस्तुएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी ने खुद प्रत्येक वैनशॉप का निरीक्षण किया और वहां बेचे जा रहे सामानों के बारे में दुकानदारों से विस्तार से जानकारी ली। स्थायी रोजगार मिलने से उत्साहित दुकानदारों ने इस शानदार पहल के लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया।

**शहर में विकसित होंगे ऐसे और भी वेंडिंग जोनः** डीएम जिलाधिकारी ने कहा कि शहर को जाम से मुक्त रखने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भविष्य में ऐसे और भी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। इससे रेहड़ी-पटरी संचालकों को दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा और उन्हें एक स्थायी स्थान मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छोटे व्यापारियों को लगातार सशक्त बनाते हुए उन्हें सम्मानजनक स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दुर्गेश्वर त्रिपाठी उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी 8 वैनशॉप का फीता काटकर करते उद्घाटन।

# पालिका में आज पेश होगा 2026-27 का मूल बजट

## पालिका के सभागार में आज होगी बोर्ड की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के सभागार में आज सुबह 11:30 बजे पालिकाध्यक्ष सना मामून की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक होगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिका परिषद का अनुमानित बजट, आय और व्यय के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभासद अपने-अपने वार्डों में कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव पालिकाध्यक्ष, ईओ सौंपेगे। सभी सभासदों को बैठक में शामिल होने का आहवान किया है।

मालूम हो कि 13 जनवरी को नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बैठक में सभासदों के बीच तीखी झड़प के दौरान 41 प्रस्तावों पर मुहर के साथ ही 38 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ था।

लेकिन गुरूवार को पालिका के सभागार में बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिका परिषद का अनुमानित बजट, आय और व्यय के रूप पेश किया जाएगा। बैठक के लिए सभी पालिका अधिकारियों- कर्मचारियों ने अपने-अपने पटलों की पत्रावलियां बनानी शुरू कर दी है।

ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पालिका के सभागार में सुबह 11:30 बजे बोर्ड की बैठक होगी। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

## विकास भवन में महिला जनसुनवाई में मिलीं 5 शिकायतें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** महिलाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने महिलाओं से संबंधित शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 5 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिनमें घरेलू विवाद,पारिवारिक उत्पीड़न तथा अन्य महिला संबंधित समस्याओं से जुड़े प्रकरण शामिल रहे। राज्य महिला आयोग की सदस्य ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं की शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता बरती जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके। उन्हें अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। कहा कि राज्य महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं को न्याय दिलाना, उनके अधिकारों की रक्षा करना तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं को रोकना है। इस प्रकार की जनसुनवाई के माध्यम से महिलाओं को अपनी समस्याएं सीधे आयोग के समक्ष रखने का अवसर मिलता है, जिससे उनके प्रकरणों का शीघ्र समाधान संभव हो पाता है।सदस्य ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों में विभागीय स्तर पर कार्रवाई अपेक्षित है, उनमें नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिलाओं को राहत प्रदान की जाए।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




महिलाओं की समस्याएं सुनती राज्य महिला आयोग की सदस्य। -जागरण मोर्चा

# यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता पर दो छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर तहसील शाहबाद निवासी गुल फिजा एवं तहसील टांडा निवासी गरिमा सिंह को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धि जनपद के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से उनके परीक्षा अनुभव और तैयारी के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों छात्राओं को बधाई दी।




यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शाहबाद की गुलफिजा को सम्मानित करते डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

# प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार :** नगर के बिलासपुर मार्ग स्थित शहनाई मंडप में बुधवार को विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों और सचिवों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने प्रतिभागियों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के संचालन में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया।

बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सर्व शिक्षा अभियान के तहत आयोजित प्रशिक्षण में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की प्रबंध समितियों के अध्यक्षों और सचिवों को उनके दायित्वों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रशिक्षण में शक्ति सिंह ने बाल सुरक्षा और शिक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। अनुज सिंह ने विद्यालयों में बच्चों को परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया। वहीं हेमराज सिंह ने नई शिक्षा नीति के साथ समिति के गठन, कार्यों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। खंड शिक्षा अधिकारी पीएल निरंकारी ने कहा कि शिक्षक का मुख्य दायित्व बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, जबकि विद्यालय प्रबंध समितियों की जिम्मेदारी विद्यालय के सफल संचालन में सहयोग देना है। कहा कि बच्चों के नामांकन, ठहराव और उनके विकास में समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम का संचालन तहसीन आलम खां ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश सिंह, हिमदीप सिंह, राजकुमारी विश्नोई, असलम हुसैन, अजय प्रताप सिंह, मीना खान, ममता सैनी, मीनाक्षी, दीक्षा रानी, उपेंद्र सिंह आजाद, नौबत राम, रेहान अली, वीरेंद्र भाल, मंगल सेन, मोहम्मद इलयास, रूप किशोर, रवि कुमार, सुनील कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते खंड शिक्षा अधिकारी। -जागरण मोर्चा

# पीएम-सीएम की फोटो एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** मिलकखानम थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की फोटो एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 9 मार्च को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरों को एडिट कर आपत्तिजनक पोस्ट डाले जाने की सूचना एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने पोस्ट करने वाले युवक की पहचान कर ली। इसके बाद मिलक खानम थाना पुलिस ने आकानगर गांव निवासी सिमरोज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की गई थी, जिससे विवाद की स्थिति बन सकती थी। उसके सोशल मीडिया अकाउंट से संबंधित अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक सूरज सिंह चौहान, कांस्टेबल ब्रहमचंद और कांस्टेबल विपिन कुमार शामिल रहे।



# हुजूर सबसे ज्यादा मोहब्बत हजरत अली से करते थे : नासिर खां

## 21 रमजान हजरत अली के शहादत की बयान की तफ़सील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 21 रमजान हुजूर हजरत अली शहादत की शहर इमाम मोहम्मद नासिर खां ने सारी तफ़सील बयान की। उन्होंने बताया कि हूजूर ने एक दिन खैबर के मौके पर अपने साहब ए इकराम से फरमाया कि मैं कल को यह झंडा उसे अता करूंगा कि जो अल्लाह और उसके रसूल से मोहब्बत करता है तो सब लोग यह आरजू करने लगे कि यह झंडा हमें मिल जाए। लेकिन दूसरे दिन हुजूर ने फरमाया कि अली कहां है? तो आपको बताया गया कि वह बीमार है उनकी आंखें दुख रही है। तो आपने फरमाया कि अली को बुलाओ।

जब हजरत ए अली तशरीफ लाए तो आपने लुआब ए दहन उनकी आंखों पर लगाया और उनकी ठीक हो गई। फिर आपने वह झंडा हजरत अली को इनायत फरमाया। अल्लाह ने अली हजरत के हाथ पर खैबर का किला फरमाया और शानदार कामयाबी फरमाई। शहर इमाम ने आगे बताया कि हुजूर सबसे ज्यादा मोहब्बत हजरत अली से फरमाते थे। हजरत आयशा सिद्दीकी फरमाती है कि मैंने हुजूर से मालूम किया कि या रसूल अल्लाह आपको सबसे ज्यादा कौन पसंद है। तो आपने फरमाया कि मेरी बेटी फातिमा मुझे सबसे ज्यादा अजीज़ हैं। फिर उन्होंने पूछा कि मर्दों में कौन आपको ज्यादा अजीज़ है तो उन्होंने फरमाया कि फातिमा का शौहर अली मुझे सबसे ज्यादा पसंद है। हजरत अली हुजूर सल्लाहु अलैहि वसल्लम के चचाजात भाई भी है और दामाद भी है।



नासिर खां शहर इमाम।

## एक नजर

### प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं

**बिलासपुर।** सपा नेता मोहम्मद अनस खां ने कहा कि उनकी पार्टी गरीब,मजदूर और शोषित वर्ग की आवाज रही है। भविष्य में भी उनके हक के लिए हमेशा संघर्षशील रहेगी। वह बुधवार की दोपहर नगर के मुख्य भट्टी टोला स्थित अपने कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं और पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लें,और आगामी 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनाने में सहयोग करें। इस दौरान बैठक में आगामी चुनावों को देखते हुए बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने पर जोर दिया,और जनता के बीच पहुंचकर पार्टी की विचारधारा का प्रचार करने और बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी साथ ही किसानों की समस्याओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए जल्द ही मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया। इस मौके पर मंसूर खां, रईस खां, फरीद खां, साहिब खां, राहत, आलम, सुशील सक्सेना, शुऐब सलमानी, आशु खां, अय्यूब, संजीव वाल्मीकि,अयान खां आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता इनायत हुसैन उर्फ रूफ खां ने की।

# 51 वेदीय दीप महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

## यज्ञ की सुगंध और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया

जागरण मोर्चा कार्यालय



यज्ञ में मौजूद श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अखंड दीप एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर अखिल गायत्री परिवार रामपुर द्वारा ज्योति कलश यात्रा के नगर आगमन पर एक गोष्ठी एवं 51 वेदीय दीप महायज्ञ का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिससे पूरा वातावरण मंत्रोच्चार, यज्ञ की सुगंध और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत आयोजित 51 वेदीय दीप महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर राष्ट्र की सुख- समृद्धि, समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना तथा विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के तप, त्याग, सेवा और संस्कारों से परिपूर्ण जीवन का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। वक्ताओं ने कहा कि भगवती देवी शर्मा का संपूर्ण जीवन नारी जागरण, संस्कार निर्माण और समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा, जो आज भी प्रत्येक व्यक्ति को समाज सेवा और नैतिक जीवन के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में आर के अग्रवाल, प्रवेश अग्रवाल, पवन जैन, सुमित अग्रवाल एवं प्रियंका शुक्ला उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में अशोक सिंह (जोन संयोजक, मुरादाबाद), उप जोन संयोजक नजीबाबाद तथा मीना शर्मा (जोन संयोजक) की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में गायत्री परिवार द्वारा समाज में सांस्कृतिक जागरण, नैतिक मूल्यों की स्थापना और सेवा कार्यों के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा ज्योति कलश यात्रा को समाज में सकारात्मक चेतना जगाने वाला अभियान बताया।कार्यक्रम के आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य डॉ. प्रमोद कुमार वैष्णव, डॉ. अजय अग्रवाल, महेश शुक्ला, प्रदीप सक्सेना, वीरेंद्र गर्ग एवं विकास पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमामयी संचालन शालिनी चावला पांडेय द्वारा किया। जिन्होंने अपने सहज एवं सारगर्भित संचालन से कार्यक्रम को अनुशासित और रोचक बनाए रखा।

कार्यक्रम के अंत में ज्योति कलश यात्रा के जिला रामपुर कोऑर्डिनेटर देवेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी विशिष्ट अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि वे वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सेवा, संस्कार और सद्भावना का संदेश फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।



लोगों की समस्या सुनते चेयरमैन। -जागरण मोर्चा

# लोगों की समस्याएं सुनकर चेयरमैन ने कराया निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैफनी।** बुधवार को नगर पंचायत चेयरमैन फैजान खान ने अपने आवास पर बैठक आयोजित कर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे।

बैठक में लोगों ने विधवा पेंशन, वृद्धावस्था (60 वर्ष) पेंशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। कई लोगों ने पेंशन न मिलने और आवेदन लंबित होने की शिकायत की। चेयरमैन ने सभी की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई कर जल्द निस्तारण कराने के निर्देश दिए।इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी कराया।चेयरमैन ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है।पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।बैठक के दौरान पहुंचे फरियादियों को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। इस अवसर पर वार्ड 6 के सभासद मो. रफी उर्फ गुड्डू भाई भी मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड पर जिले का डंका

## राजस्व में छठे और विकास कार्यों में 11वें पायदान पर पहुंचा जनपद

जागरण मोर्चा कार्यालय

- 71 जनकल्याणकारी योजनाओं में मिला ए ग्रेड, डीएम ने अधिकारियों के टीम वर्क को दिया श्रेय

**रामपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड (सीएम डैशबोर्ड) की ताजा रैंकिंग में जिले ने विकास के पैमाने पर लंबी छलांग लगाई है। विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निरंतर मॉनिटरिंग के दम पर जनपद ने राजस्व कार्यों में पूरे प्रदेश में छठे और विकास कार्यों में 11वां स्थान हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि ने जिले के प्रशासनिक कामकाज की गुणवत्ता पर मुहर लगा दी है।

जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं को धरातल पर उतारने में भी बेहतरीन प्रगति दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के तहत कुल 71 योजनाओं में जिले को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ए ग्रेड मिला है। इनमें मुख्य रूप से ये विभाग और योजनाएं ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, कृषि एवं ग्राम विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पंचायती राज और नमामि गंगे, प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी), समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, दुग्ध विकास, पशुधन और मत्स्य, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा सहकारिता विभाग शामिल हैं। इस बड़ी उपलब्धि पर जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की पीठ थपथपाई है। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सभी विभागों के शानदार टीम वर्क, समर्पण और योजनाओं के जमीन पर प्रभावी क्रियान्वयन का ही नतीजा है। डीएम ने कहा कि जिले को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर लाने के लिए आगे भी इसी तरह आपसी समन्वय के साथ काम करना होगा।

भविष्य की रूपरेखा तय करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को कड़े निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध और पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए। शासन की मंशा यही है कि आम जनता को बिना किसी परेशानी के सरकारी योजनाओं का अधिकतम और सीधा लाभ मिल सके।

# एनएसएस शिविर में सफाई पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांड।** सरस्वती कन्या महाविद्यालय सरकथल में एनएसएस शिविर पंचम दिवस पर छात्राओं ने ग्राम महमदपुर में रैली निकालकर स्वच्छता अभियान के बारे में ग्रामीण लोगों को जानकारी देते हुए उन्हें अपने आस पड़ोस, अपने गांव की सड़क अपने घर आदि की सफाई के बारे में जागृत किया।

उन्होंने पर्यावरण में हो रहे प्रदूषण के बारे में बताते हुए कहा कि इसका एक महत्वपूर्ण कारण हमारे आस पड़ोस में सफाई का न होना भी है जिसका सीधा प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में हमें अपने घर, गांव व आस पड़ोस को स्वच्छ रखना अति आवश्यक हो गया है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक राजकुमार चौहान, महेंद्र चौहान, सुगंध सागर, रूबी सागर, केविंद चौहान और विक्की ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### आज 5 घंटे विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित

**टांडा:** गुरुवार को 33/11 केवी टांडा टाउन उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शटडाउन के अंतर्गत रहेगी।इस अवधि के दौरान टांडा टाउन उपकेंद्र पर आवश्यक अनुरक्षण (मेंटेनेंस) कार्य किया जाएगा, जिसके कारण उपकेंद्र से पोषित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।विभाग ने उपभोक्ताओं से इस अवधि में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की स्थिति में सहयोग प्रदान करने की अपील की है। विभाग ने होने वाली असुविधा के लिए खेद भी जताया है।

# शाहबाद की जामा मस्जिद में कुरान मुकम्मल के मौके पर मुल्क की तरक्की के लिए दुआएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



जामा मस्जिद के कुरान मुकम्मल के मौके पर शहर इमाम के साथ मौजूद नमाजी।

**शाहबाद।** मंगलवार रात शहर की जामा मस्जिद में 2 वीं तरावीह के मौके पर कुरान ए पाक मुकम्मल हुआ। कुरान शहर इमाम मोहम्मद सलमान साहब ने कुरान पढ़ा। वहीं मरहूम मुफ्ती शमीम उर रहमान साहब के साहबजादे सना उर रहमान और हिफजुर उर रहमान ने कुरान सुना।

कुरान मुकम्मल के मौके शहर इमाम मोहम्मद सलमान ने कुरान व रमजान की फजीलत बयान की, उन्होंने अपने बयान में कहा की रमजान के महीने में जो शख़्स कुरान की तिलावत करता है उसे कुरान के हर एक लफ्ज़ पर सबब मिलता है। रोजे की फजीलत बयान करते हुए उन्होंने बताया कि रमजान के रोज़े रखना मुसलमान पर फर्ज है, इसलिए हर एक मुसलमान को चाहिए कि वह रमजान में रोजा रखे। बयान के बाद शहर इमाम सलमान ने एक नात ए पाक पढ़कर सुनाई नात ए पाक के बाद शहर इमाम ने मुल्क में अमन व चैन के लिए दुआएं की। इस मौके पर कारी फैजान,हाफिज नदीम ईदगाह कमेटी से कोषाध्यक्ष सैयद इंतखाब अली,सदस्य सैयद अनफाल मियां, सैयद नाहिद मियां, सैयद नाहिद अली राजा, सैयद सिफत मियां, जामा मस्जिद कमेटी से सैयद रफत मियां, सैयद मुरब्बत अली, सैयद साद मियां, सैयद यासर अली, सैयद महफूज मियां, सैयद हाफिज नसीम मियां, सैयद तस्लीम मियां उर्फ मुन्ने मियां, सैयद नजमत अली, सैयद मुजम्मिल मियां उर्फ बोबी,फराज अहमद एडवोकेट, सरफराज अहमद, आदि लोग मौजूद रहे।

# मस्जिद गौसिया में कुरआन ए करीम मुकम्मल हाफिज, सामा की लोगों ने की गुलपोशी

जागरण मोर्चा कार्यालय



शौकत अली रोड स्थित मस्जिद गौसिया मुत्तसिल कुरआन करीम मुकम्मल होने पर हाफिज, सामा की गई गुलपोशी।

**रामपुर।** शौकत अली रोड स्थित मस्जिद गौसिया मुतसिल मदरसा जामिया हमीदिया अज़हर उल उलूम में कुरआन मुकम्मल हुआ। नाज़िम मदरसा व मुतावल्ली मस्जिद मोहम्मद अज़हर कादरी ने बयान करते हुए फरमाया कि तरावीह की नमाज में कुरआन को सुनाना एक हाफिज के लिए बहुत खुशनसीबी की बात है। ये इसी मदरसे से हाफिज़ होकर इसी मस्जिद में कुरआन सुनाकर यहां की रौनक को बढ़ा रहे है।

शबे कद्र की मुकद्दस रातों की इबादत के बारे में बयान फरमाया। मोहम्मद अब्बास ने कुरआन की फज़ीलत बयान करते हुए बताया कि कुरआन ए करीम पढ़ना हर मोमिन के लिए फर्ज़ है। कुरआन के बताए रास्ते पर अमल करना, हर मोमिन के लिए लाज़मी है। इस मौके पर हाफिज महमूद हसन, सदर सैयद सोहराब मियां, डॉ. सुल्तान सैफी, हाजी आफताब उल हसन, अली यूसुफ अली, सरताज अहमद, शाहिद चिश्ती, शाहिद कुरैशी, मोहम्मद मियां कादरी, नज़ाकत, मोहम्मद फैजान कादरी, हाफिज़ मोहम्मद जीशान कादरी, हाफिज़ मोहम्मद ज़फर, हाफिज मोहम्मद बिलाल आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष की सक्रियता से बिलासपुर में बदल रही तस्वीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



चित्रक मित्तल। -जागरण मोर्चा

**बिलासपुर।** लंबे समय से अव्यवस्था और गंदगी के कारण सुर्खियों में रहने वाला बिलासपुर अब तेजी से बदलते चेहरे का गवाह बन रहा है। इस बदलाव की मुख्य धुरी हैं नगर पालिका परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष चित्रक मित्तल, जिनकी सक्रिय और जमीनी कार्यशैली ने नगर प्रशासन को नई दिशा दी है। अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन गंगवार के साथ मिलकर उन्होंने नगर में विकास और स्वच्छता के नए मानक स्थापित किए हैं।

अध्यक्ष मित्तल ने आगामी होली, अलविदा जुम्मा और ईद जैसे बड़े त्योहारों से पहले स्वयं सड़कों पर उतर कर निरीक्षण किया। वार्ड दर वार्ड भ्रमण, गलियों और नालियों की पैदल जांच, धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सफाई और साफ-सफाई के कड़े निर्देश इस बात का प्रमाण हैं कि अब बिलासपुर में केवल कागज़ी समीक्षा नहीं, बल्कि वास्तविक जमीनी स्थिति पर ध्यान दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जहाँ कमी मिली, वहाँ तत्काल कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। सफाई कर्मियों और कर्मचारियों के साथ संवाद कर अध्यक्ष ने जवाबदेही तय की, जिससे नगर प्रशासन में समन्वय और तत्परता बढ़ी है। नगरवासियों ने इस बदलाव को सराहा। नियमित कचरा उठान, सड़कों की धुलाई, नालियों की समयबद्ध सफाई और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता अब सामान्य दृश्य बन चुके हैं। कई वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार जनता की राहत का कारण बना है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने अध्यक्ष की स्पष्टता और दृढ़ता की तारीफ की। वे केवल निर्देश देने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि मौके पर जाकर कार्यों की समीक्षा करते हैं। इससे कर्मचारियों में जवाबदेही बढ़ी और जनता का भरोसा मजबूत हुआ। नगर के बुजुर्गों का कहना है कि लंबे समय बाद ऐसा नेतृत्व देखने को मिला है जो त्योहारों के दौरान शांति और स्वच्छता दोनों को समान प्राथमिकता देता है। धार्मिक स्थलों के आसपास विशेष सफाई और समन्वय से सामाजिक सौहार्द का भी संदेश गया है। कुल मिलाकर बिलासपुर में प्रशासनिक सक्रियता और जवाबदेही का जो माहौल बना है, वह नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। यदि इसी गति और प्रतिबद्धता के साथ कार्य जारी रहा,तो आने वाले समय में बिलासपुर स्वच्छता और व्यवस्थित विकास का एक मजबूत उदाहरण बन सकता है।

# एसपी ने दुर्घटनाओं की स्थिति में त्वरित रिस्पांस की दी जानकारी



कर्मचारियों को जागरूक करते एसपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित कार्यवाही एवं पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से थाना सिविल लाइन, मिलक,शहजादनगर में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम का गठन किया है।

उसी के चलते बुधवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के सभी अधिकारी, कर्मचारी के साथ गोष्ठी कर दुर्घटनाओं की स्थिति में त्वरित रिस्पॉन्स, राहत एवं बचाव कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं को शैक्षिक भ्रमण कराया

जागरण मोर्चा कार्यालय



भ्रमण के लिए रवाना होते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जनपद के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का शैक्षिक भ्रमण हस्तिनापुर एवं नई दिल्ली में कराया गया।तीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र, बिलासपुर एवं स्वार को शैक्षिक भ्रमण के लिए हस्तिनापुर में वन्य जीव अभ्यारण एवं जंबू दीप आदि स्थानों पर भ्रमण करवाया।

4 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सैदनगर, शाहाबाद, मिलक एवं चमरौआ की बालिकाओं को नई दिल्ली में लाल किला, इंडिया गेट एवं अक्षर धाम मंदिर का भ्रमण करवाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी एवं जिला समन्वयक बालिका शिक्षा जानिसार अख्तर के द्वारा उपस्थित होकर बसों को भ्रमण के लिए रवाना किया गया। प्रत्येक विद्यालय के लिए 2 बसों की व्यवस्था की गई।सुरक्षा के दृष्टिगत हर बस में एक महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई। प्रत्येक दस दस बालिकाओं की टीम के लिए एक शिक्षक नियुक्त किया। सभी बालिकाएं भ्रमण के लिए उत्साहित दिखाई दी। भ्रमण में सभी बालिकाओं के नाश्ते, लंच एवं रात्रि भोज की व्यवस्था विभाग द्वारा की गईं।

# पालिका अध्यक्ष ने रिया जैन की सफलता पर दी बधाई


**जागरण मोर्चा कार्यालय, बिलासपुर।** नगर पालिका परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष चित्रक मित्तल ने शहर की बेटी रिया जैन की शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

रिया जैन, सुपुत्री अनिल जैन ने यूपीएससी परीक्षा में 318 वीं रैंक प्राप्त कर पूरे बिलासपुर का नाम रोशन किया है। चित्रक मित्तल ने कहा कि रिया जैन की यह सफलता केवल उनके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे बिलासपुर के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने रिया को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद है वे अपने कार्यों से समाज और देश का नाम लगातार रोशन करती रहेंगी। बिलासपुर की बेटी रिया जैन की इस उपलब्धि ने शहरवासियों में खुशी और गर्व की लहर पैदा कर दी है।

# अशोक सिंह को गायत्री परिवार के 16 जिलों की कमान

## शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा नजीबाबाद जोन का सह समन्वयक बनाया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के वरिष्ठ एवं समर्पित परिजन अशोक सिंह को शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें नजीबाबाद जोन का सह.समन्वयक नियुक्त किया गया है, जिसके अंतर्गत 16 जिलों की कमान अब उनके हाथों में होगी। इससे पूर्व अशोक सिंह मुरादाबाद जोन एवं मेरठ जोन का दायित्व सफलतापूर्वक निभा चुके हैं। मुरादाबाद जोन के अंतर्गत 5 जिलों तथा मेरठ जोन के 4 जिलों में उन्होंने संगठनात्मक मजबूतीए सत्साहित्य प्रसार और संस्कार निर्माण के विविध कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित किया। वह 2013 से शुरू हुए निर्मल गंगा जन अभियान के तहत 8 जिलों में भी गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए भी कार्य कर रहे है, यह अभियान 2036 तक चलेगा।नजीबाबाद जोन में रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, शामली, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, बागपत एवं मेरठ जनपद शामिल हैं। अब वह इन सभी जिलों में गायत्री परिवार के रचनात्मक, नैतिक एवं आध्यात्मिक अभियानों का समन्वय के लिए कार्य करेंगे। 18 से 24 जनवरी तक हरिद्वार के बैरागी द्वीप में आयोजित जन्म शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में उन्होंने सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया।अशोक सिंह वर्ष 1991 से निरंतर गायत्री परिवार के मिशन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने देशभर में भ्रमण कर सद्विचार, सद्बुद्धि और नैतिक जागरण के संदेश को जन.जन तक पहुँचाने का कार्य किया है।उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार केवल एक संगठन नहीं, बल्कि विचार क्रांति का आंदोलन है। यह मिशन मानव में देवत्व के उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के साथ समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है।उनकी इस नई जिम्मेदारी से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और विश्वास जताया जा रहा है कि उनके नेतृत्व में नजीबाबाद जोन में मिशन को नई गति और नई दिशा मिलेगी।

## जिला न्यायाधीश ने किया हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रवाना



जिला न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती जिला जज। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मार्च को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को जनपद न्यायाधीश/ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष डा. विदुषी सिंह ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रचार वाहन को समस्त आवासीय क्षेत्रों में घुमाया जाएगा। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार हो सके। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्ययाधीश आरती फौजदार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट रागिनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अवधेश कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल, सिविल जज सीनियर डिवीजन/ एसीजेएम आदित्य सिंह आदि न्यायिक अधिकारी व चन्दौसी बार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को रासेयो के माध्यम से अपने चरित्र व व्यक्तित्व के विषय की प्रेरणा

## स्वयंसेवकों ने रैली निकाल की धूम्रपान न करने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एसएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आयोजन राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में किया जा रहा है। बुधवार को शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने सबसे पहले शिविर स्थल पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। इसके बाद गांव में रैली निकाल ग्रामीणों को धूम्रपान न करने के लिए प्रेरित किया।

रैली के उपरांत स्वयंसेवकों ने धूम्रपान को मानव की प्रकृति के विरुद्ध बताते हुए अपने विचार प्रकट किए और धूम्रपान न करने एवं न करने देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में वन एवं वन्य जीव संरक्षण विषय पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए प्रभागीय वन विभाग अधिकारी प्रभात कुमार ने जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर उन्मुख करने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को वानिकी के विभिन्न स्वरूपों से परिचित कराते हुए विद्यार्थियों को वानिकी संबंधित कार्यक्रमों में रोजगार खोजने के विभिन्न आयामों के विषय में जानकारी दी। कहा कि विद्यार्थी रासेयो के माध्यम से अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व के विकास करने की प्रेरणा दी। शिक्षाविद शरद शर्मा ने जीवन जीव और वन का संतुलन हैं, इनमें से किसी भी एक घटक के अनुपात में अंतर आने पर दोनों की प्रणालियों में दृष्टिगोचर प्रभाव अंकित किए जाते हैं। सर्प विशेषज्ञ गुरप्रीत सिंह ने कहा कि सर्प किसान के मित्र होते हैं, उन्हें सत्रुवत न समझा जाए। इस अवसर कार्यक्रम अधिकारी डा. विशेष कुमार पाडे, तरुण चौहान, विकास, विशाल श्रीवास्तव, सुरेश, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।




रासेयो शिविर में वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौजूद स्वयंसेवक। –जागरण मोर्चा

## 12 साल बाद प्रेमी जोड़े ने मंदिर में लिए साथ फेरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर।** क्षेत्र मे मंदिर में बुधवार रात को प्रेमी जोड़ा सात फेरे लेकर शादी के बंधन में बंध गया। विधि विधान के साथ समाज के गणमान्य लोगों की मौजूदगी में शादी संपन्न हुई।अजीमनगर थाना क्षेत्र में शादी के लिए प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंची तो हंगामा हो गया। तीन दिन तक चले ड्रामे के बाद शुक्रवार को प्रेमी युगल ने मंदिर में शादी कर ली।



मंदिर में प्रेमिका की मांग भरता प्रेमी।

मामला थाना क्षेत्र के एक गांव करनपुर का गांव निवासी सरवेस के पुत्र शेखर का गांव निवासी सोमपाल की पुत्री मनीशा के साथ 12 साल से मेलजोल बढ़ गया था। जिसे देखकर दोनों के परिजनों ने शादी कराने का निर्णय लिया। गांव निवासी युवती का उसी के गांव के युवक के साथ 12 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती ने शादी की जिद की तो प्रेमी ने साफ इंकार कर दिया। प्रेमी को सबक सिखाने के लिए तीन दिन पहले युवती उसके घर पहुंच गई। प्रेमी और उसके परिजनों को तीन दिन के अंदर शादी की धमकी देते हुए प्रेमिका अपने घर चली आई।

बुधवार सुबह प्रेमिका थाने पहुंची। पूरा माजरा बताया। पुलिस ने दोनों पक्ष के माता-पिता को बुलाकर समझाया जिसके बाद पुलिस ने युवती को परिजनों को सौंप दिया। जिसके चलते दोनों परिवारों में समझौते के लिए पंचायत बैठ गई। गांव के सम्मानित लोगों की मौजूदगी में करीब दो घंटे मशक्कत के बाद पंचायत ने फैसला सुना दिया। फैसले के मुताबिक बुधवार रात को प्रेमी युगल की मंदिर में शादी करा दी गई।

# जलभराव में ई-रिक्शा पलटा, कर्मी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

## घटना से क्षुब्ध व्यापारियों ने ठेकेदार के विरुद्ध किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** सीकरी गेट सलीम की पुलिया पर नाला निर्माण के चलते पिछले 2 दो माह से जलभराव की समस्या बनी हुई है। बुधवार की सुबह 8 बजे सामान से भरा ई-रिक्शा सलीम की पुलिया के पास जलभराव में पलट गया। हादसे में ई-रिक्शे में बैठे वृद्ध की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से आसपास क्षेत्र के दुकानदारों व व्यापारियों में रोष व्याप्त है।



कोतवाली में पुलिस से वार्ता करते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दासपुर निवासी शेर सिंह 60 वर्ष पुत्र राम सहाय गणेश मंदिर के पास डेकोरेशन की दुकान पर कार्य करता है। मंगलवार की रात अशोक नगर स्थित वैकेट हाल में विवाह समारोह डेकोरेशन का सामान लेकर गया था। बुधवार की सुबह शेर सिंह वैकेट हाल से ई-रिक्शा में डेकोरेशन का सामान भरवाकर वापस सीता रोड लौट रहा था। सुबह 8 बजे जब ई-रिक्शा सीकरी गेट स्थित सलीम की पुलिया पर पहुंचा। ई-रिक्शा सड़क पर हुए जलभराव से गुजर रहा था तभी सड़क क्षतिग्रस्त होने पर पलट गया। जिसके नीचे शेर सिंह दब गया। आसपास के लोगों ने घटना होती देखी तो दौड़कर मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा को सीधा किया और शेर सिंह को बाहर निकाला। सिर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन से आसपास के दुकानदार उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों को छोड़ गया है। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। जहां सलीम की पुलिया के आसपास जानकारी करने के बाद सीएचसी पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने ई-रिक्शा को कब्जे में लिया है।

### घटना के बाद व्यापारियों ने किया ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन

**चन्दौसी।** सीकरी गेट स्थित सलीम की पुलिया के पास जलभराव में ई-रिक्शा गिरने से हुई कर्मी की मौत के पास आसपास के दुकानदार व व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया। मौके पर पहुंचे व्यापारियों ने नाले निर्माण का कार्य देख रहे ठेकेदार के विरुद्ध नारेबाजी की। व्यापारियों ने कहा कि एक माह पहले उक्त जलभराव को लेकर प्रदर्शन किया था। मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। दोपहर 12 बजे व्यापारी एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक से ठेकेदार को गिरफ्तार करने की मांग की। कबीर गली वाल्मीकि बस्ती में पिछले कई माह से नाले निर्माण का कार्य चल रहा है। जिससे चलते पानी की निकासी बंद कर दी है। जिससे सीकरी गेट सलीम की पुलिया पर जलभराव की समस्या पिछले एक माह से बनी हुई है। जिसको लेकर पूर्व में व्यापारियों ने जलभराव के विरुद्ध में ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन किया था। उस समय पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने मौके पर पहुंच जलभराव से निजात दिलाई थी। मगर उससे बाद जलभराव दोबारा होने पर लगा।

# व्यापारियों ने बिहार के मौलाना का फूंका पुतला

## मौलाना मुख्यमंत्री की मां के लिए कहे थे अपशब्द

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की मां के विषय में अभद्र टिप्पणी करने वाले बिहार के धर्मगुरु मौलाना अब्दुल्ला सलीम का व्यापारियों ने फव्वारा चौक पर विरोध प्रदर्शन के बीच पुतला फूंका।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि फव्वारा चौक किसी की मां के विषय में अपमानजनक टिप्पण करना अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य है। भारतीय संस्कृति में मां को सम्मान और आदर का सर्वोच्च स्थान दिया गया है। जो लोग मातृत्व का अपमान करते हैं, वह वास्तव में अपने ही मूल्यों और मानसिकता को उजागर करते हैं। मौलाना ने न केवल मुख्यमंत्री की मां, बल्कि देश की समस्त मातृशक्ति और महिलाओं का अपमान किया है। व्यापारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मौलाना के घर पर बुलडोजर नहीं चला तो व्यापार मंडल की युवा इकाई बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस अवसर पर सभासद अमन कोरी, शुभम अग्रवाल, आशीष कुमार, विपिन आहूजा, यश मदान, अंकुश, निशांत शर्मा, रितिक वार्ष्णेय, लवित वार्ष्णेय, सावन शर्मा आदि मौजूद रहे।



फव्वारा चौक पर मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पूतला फूंकते व्यापारी।

## स्वयंसेवकों को बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर किया जागरुक



शिविर में लोगों को साइबर क्राइम की जानकारी देते विद्यार्थी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के बहजोई रोड स्थित माडल पब्लिक एजुकेशन कालेज में सात दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है कार्यक्रम अधिकारी शर्मिल उपाध्याय व जयप्रकाश के निर्देशन में बुधवार को पंचम दिवस पर डिजिटल प्रणाली का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव एवं बढ़ता साइबर क्राइम विषय पर आयोजन किया गया।

प्राचार्य डा. राजकुमार गोयल ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और उन्होंने डिजिटल प्रणाली का अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। इसके बाद प्रवक्ता डा. एसडी शर्मा ने स्वयंसेवकों को बढ़ते साइबर क्राइम से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया और उन्हें होने वाले साइबर क्राइम से पूरी तरह अवगत कराया। रैली में सभी स्वयंसेवक व स्वयं सेविका तथा मुजाहिद परवीन, मधु राठौर, जयप्रकाश और शामिल उपाध्याय अन्य शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे।

# समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

## एसएम कालेज में छात्रों ने सौंपा प्राचार्य को ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एस.एम कालेज के छात्रों ने कालेज परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं और शैक्षणिक समस्याओं को लेकर छात्रों में आक्रोश है। बुधवार को काफी संख्या में छात्रा कालेज पहुंचे और प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें छात्रों ने कालेज प्रशासन से विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए पांच सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया और जल्द कार्रवाई करने की अपील की।

ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि कालेज में कई मूलभूत सुविधाओं की कमी और कुछ शिक्षकों के रवैये के कारण पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है। छात्रों ने बताया कि कालेज का छात्रावास लंबे समय से बंद पड़ा है या छात्रों के लिए उपलब्ध नहीं है। दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को इससे काफी परेशानी होती है। उन्होंने छात्रावास को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की।

इसके साथ छात्रों ने कालेज के बड़े खेल मैदान के उपयोग पर लगी रोक को भी अनुचित बताया और कहा कि मैदान बंद होने से खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने खेल मैदान को छात्रों के लिए दोबारा खोला जाए। कक्षाओं के नियमित संचालन किया जाए। छात्रों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ शिक्षक कम संख्या में छात्र होने का हवाला देकर कक्षाएं नहीं लेते हैं, जिससे पढ़ाई बाधित हो रही है। इसके साथ कुछ शिक्षकों पर गंभीर आरोप कहा कि कैंपस का माहौल खराब किया जा रहा है और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। शिक्षक खुलेआम छात्रों पर ट्यूशन पढ़ने का दबाव बना रहे है तथा बात न मानने पर मिड-टर्म परीक्षा में फेल करने या कम अंक देने की धमकी दी जा रही है। ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके साथ कालेज परिसर में कैंटीन और कैफे की सुविधा शुरू कराने कि जाए, ताकि विद्यार्थियों को बुनियादी जरूरतों की सुविधाएं मिल सकें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह आगे आंदोलन करने का मजबूर होंगे। इस दौरान हर्ष सिंह, नितिन प्रताप सिंह, गौरव यादव, नीरज, शिवम आदि शामिल रहे।



एसएम कॉलेज में प्राचार्य से वार्ता करते विद्यार्थी। –जागरण मोर्चा

## प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में स्वयं सेविकाओं को दी जानकारी




शिविर में अतिथि को सम्मानित करती शिक्षिकाएं। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के समीप गांव पतरौआ स्थित प्राथमिक विद्यालय में एनकेबीएमजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा पंचम सप्तदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन चल रहा है। बुधवार को शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. शीतल, डा. प्रियंका, डा. सतीश शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

डाक्टर सतीश शर्मा द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई। साथ में सभी छात्राओं को पंचकर्मा, नेचुरोपैथी, आयुर्वेद आदि सुविधाओं के बारे में समुचित जानकारी दी गई। शिविर के द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं को हिमांशी शर्मा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना में लगने वाले विभिन्न प्रकार के शिविरों के बारे में सभी स्वयंसेविकाओं को विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. शीतल, डा. प्रियंका व चतुर्थ कर्मचारी सीता एवं मुकेश का सहयोग रहा।

## बेटे ने पूरा किया पिता का सपना: अभय मिश्रा भारतीय सेना में बने लेफ्टिनेंट, स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के बल पर विपरीत परिस्थितियों को मात देकर सफलता हासिल की जा सकती है, इसे चरितार्थ कर दिखाया है बदायूँ निवासी अभय मिश्रा ने।



लेफ्टिनेंट इंडियन आर्मी में नियुक्त होने पर फूल मालाओं से स्वागत करतें ब्राह्मण समाज के लोग। –जागरण मोर्चा

भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होने के बाद प्रथम आगमन पर नगर के एक रेस्टोरेंट आगमन पर समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से लादकर स्वागत किया। अभय मिश्रा ने अपनी इस ब ड़ी उपलब्धि का श्रेय अपने स्वर्गीय पिता उमेश चंद्र शर्मा को दिया। उन्होंने कहा, यह मेरे पिता का ही सपना था कि मैं भारतीय सेना में रहकर दे श की सेवा करूं। आज मैं अप नी यह नियुक्ति उन्हें ही समर्पित करता हूं। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में कई बार कठिन प रिस्थितियां आईं, लेकिन उ न्होंने अपना धैर्य नहीं खोया और लक्ष्य के प्रति अडिग रहे। अभय की माता सरिता मिश्रा ने बताया कि पति के निधन के बाद परिवार के सामने कईचुनौतियां थीं, स्थितियां प्रतिकूल हो गई थीं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और अपने पुत्र को निरंतर मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज बेटे की सफलता ने पूरे परिवार और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस दौरान विनीत शर्मा, विवेक मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष, ब्राह्मण शक्ति संघ, विवेक शर्मा, अविरल शर्मा, उमाकांत शर्मा, सचिन मिश्रा, निशान्त शर्मा, प्रशान्त वशिष्ठ, योगेश भारद्वाज, विकास शर्मा, सचिन शर्मा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



कलश यात्रा निकालती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

## राम कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बबराला।** नगर की लेखपाल कालोनी में रेलवे स्टेशन के समीप श्याम गार्डन में सात दिवसीय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा के पहले दिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थी।

कलश यात्रा ने विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया और श्याम गार्डन पर आकर संपन्न हुई। इसके उपरांत कथा वाचक बाबूदास महाराज ने रामचरित मानस कथा का वर्णन किया और नारद मुनि की लीलाओं को दर्शाया गया। इस अवसर पर गौरीला हर्षवर्धन वार्ष्णेय, मनीष गौतम, दीपक गौतम, विनीत, शाहरुख गौतम, शंभू दयाल, अरविंद आदि मौजूद रहे।

## पाक्सो एक्ट में दो दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय ने पाक्सो एक्ट में दोषी पाए जाने पर दो दोषियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व एक-एक लाख रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है।



दोनों दोषी टीकाराम व अमित। –जागरण मोर्चा

एडीजीसी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि असमौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने तहरीर दी कि 17 नवंबर 2018 की रात 8 बजे उसकी 15 वर्षीय बहन घर से पास ही जंगल की ओर से शौच को गई थी। तो उसे टीकाराम व उसके रिश्तेदार अमित ने किशोरी को पकड़ लिया और गन्ने के खेत में उठाकर ले गए। जहां दोनों युवकों ने किशोरी के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। दोनों आरोपी किशोरी को नग्न हालत में बदहवास हालत में छोड़कर फरार हो गए। किशोरी के घर न आने पर उसकी तलाश शुरू कर दी। तब किशोरी गन्ने के खेत में उसके करहाने की आवाज सुनी, तो वह मौके पर पहुंचे। जहां किशोरी बदहवास हालत में पड़ी थी।

किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। रात ज्यादा होने पर परिजन थाने नहीं जा पाए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में पंजीकृत की। विवेचक द्वारा विवेचना के उपरांत चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त वाद विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में चला। जहां न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी पाया। न्यायालय ने टीकाराम व अमित को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व एक-एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# शराब सेल्समैन के साथ मारपीट कर किया घायल, गंभीर हालत में मेरठ रेफर

## पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने किया मौका मुआयना दिए आवश्यक दिशा निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान के सेल्समैन को घर आते समय अज्ञात व्यक्तियों द्वारा रोक कर मारपीट कर घायल कर दिया गया, घायल सेल्समैन को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। मारपीट की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची वहीं शराब सेल्समैन के साथ मारपीट की सूचना पर जनपद के उच्च अधिकारियों ने भी मौका मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल में स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान पर नगर निवासी भारत सिंह पुत्र भूकंन शरण सेल्समेन का कार्य करता है।प्रतिदिन की भांति वह मंगलवार की देर रात्रि शराब की दुकान बंद कर बाइक से नगर स्थित अपने घर को आ रहा था, जैसे ही उसकी बाइक गांव करन खाल लिंक मार्ग पर स्थित पुलिया के निकट पहुंची तो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसे रोककर मारपीट शुरू कर दी और उसे घायल कर भाग गए। राहगीरों द्वारा इसकी सूचना दुकान स्वामी को दी गई तो दुकान स्वामी द्वारा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस एवं दुकान स्वामी मौके पर पहुंचे और घायल सेल्समैन को उपचार के लिए नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान घायल की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा सेल्समैन को मेरठ रेफर कर दिया। वही शराब सेल्समैन के साथ मारपीट की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया, पुलिस क्षेत्र अधिकारी अमरोहा अभिषेक यादव, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाली पुलिस को दिशा निर्देश देते हुए जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। वहीं घायल सेल्समैन के परिजनों के द्वारा तीन अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है। कोतवाली पुलिस द्वारा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा बताया गया कि शराब की दुकान के सेल्समैन के साथ कुछ अज्ञात लोगों ने मारपीट की है जिससे वह घायल हो गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।


घायल सेल्समैन का उपचार करते चिकित्सक। –जागरण मोर्चा


घायल को देखते अधिकारी। –जागरण मोर्चा


जंगल में पड़ी सेल्समैन की गाड़ी।


घटनास्थल पर एकत्र भीड़ एवं पुलिस।


श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित भक्त। –जागरण मोर्चा

## श्रीमद् भागवत कथा में सुनाया गोवर्धन लीला का प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में नंदकिशोर के आवास पर आयोजित श्री मद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचक मोहित भारद्वाज के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की गोवर्धन पर्वत लीला का प्रसंग सुनाया गया ।कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। मंगलवार को कथा व्यास के द्वारा श्री गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया गया।

कथावाचक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का अंत किया,वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया ।प्रसंग में बताया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका घमंड दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू कर दी थी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। वर्षा से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। 7 दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे वह भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। इस मौके पर ननहुआ सिंह, जगदीश ठेकेदार, ओमपाल सिंह, मास्टर पूरन सिंह, प्रशांत, डोरी, दयाराम, शेर सिंह, पूरन सिंह, राजू, बदलू आदि मौजूद रहे।


कथा व्यास। –जागरण मोर्चा

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

### लग्न समारोह से लौट रहे थे बाइक सवार युवक, साथी घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** लग्न समारोह में से लौट रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी,जिससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया घायल को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। वहीं पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सब्दलपुर की मंढैया बीच वाली निवासी टीटू पुत्र बृजपाल 35 वर्ष एवं सनी पुत्र केहर सिंह मंगलवार की देर रात्रि पड़ोसी गांव में मंढे की दावत खाकर बाइक से अपने घर को लौट रहे थे जैसे ही वह गाव भीमा सुल्तानपुर ढवारसी मार्ग के निकट दोनों की बाइक पहुंची तो पीछे से किसी अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयंकर थी कि टीटू की मौके पर मौत हो गई और सनी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय निवासियों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से मृतक एवं घायल को सीएचसी पर भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल सनी का उपचार कर उसे घर भेज दिया गया। वही आदमपुर पुलिस द्वारा सीएचसी पहुंचकर शव का पंचनामा घर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक भाई एवं एक बहन में सबसे बड़ा था, वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक की मां मुनेश का रो-रो कर बुरा हाल है।


परिजन विलाप करते हुए।


मृतक का फाइल फोटो।


घायल सनी।

## बाइक टच होने से नाराज दबंगों ने युवक को पीट कर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की बाइक रास्ते में अन्य बाइक से टच हो गई, जिससे नाराज होकर दबंगों ने बाइक सवार युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल के परिजन घायल को लेकर कोतवाली पहुंचे और दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव डगरौली निवासी प्रदीप पुत्र प्रवीण मंगलवार की देर रात्रि गांव हथियाखेड़ा से अपने घर को लौट रहा था, कुछ दूरी पर ही उसकी बाइक से एक अन्य बाइक टकरा गई, जिससे नाराज होकर दबंगों द्वारा प्रदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी,मारपीट के दौरान प्रदीप को घायल कर दबंग मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही घायल प्रदीप के परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को लेकर कोतवाली आए और आरोपी दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल प्रदीप को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी द्वारा बताया की मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है,घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है,जांच कर कार्रवाई की जा रही है।


घायल प्रदीप। –जागरण मोर्चा

## सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज के एनएसएस शिविर में 'जल संरक्षण' पर जागरूकता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बुधवार को सरदार बेगम मेमोरियल पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण विषय पर जन-जागरूकता अभियान चलाया।

यह शिविर कांशीराम कॉलोनी, शेखुपुर झकड़ी में आयोजित किया गया।शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के प्रबंधक, प्राचार्या ने स्वयंसेवकों द्वारा कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में रैली निकालवा कर ग्रामीणों को पानी की बर्बादी रोकने और वर्षा जल संचयन के महत्व को समझाया।"जल ही जीवन का आधार है। यदि हमने आज अपनी जीवनशैली में सुधार कर पानी की एक-एक बूंद नहीं बचाई, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भारी संकट खड़ा हो जाएगा। NSS स्वयंसेवकों का यह दायित्व है कि वे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को जल संचयन के प्रति जागरूक करें।" कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने जल संरक्षण की तकनीकी बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा "हमे केवल जल बचाना ही नहीं है, बल्कि भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को भी अपनाना होगा। हमारा उद्देश्य इस कॉलोनी को जल संरक्षण के मामले में एक आदर्श बनाना है।"इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य रूप से डॉ. नसरे आलम, डॉ. भूपेंद्र शर्मा, डॉ. राजकुमार ने उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और श्रमदान में सहयोग दिया।


ग्रामीणों को जागरुक करते हुए। –जागरण मोर्चा

## अमरोहा अड्डे पर लगे जाम में फंसी एम्बुलेंस, घंटों रहा यातायात प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर लगा जाम एक आम बात हो गई है, बुधवार की दोपहर अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर जाम लग गया जिसके कारण वाहनों के पहिए थम गए, वाहनों के पहिए थम जाने के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई।

जाम लगने के कारण उसमें एंबुलेंस भी फस गई, बड़ी मेहनत के बाद दो पुलिसकर्मियों द्वारा एंबुलेंस को जाम से निकलवाया गया। काफी दिनों से अमरोहा बस स्टैंड चौराहे पर प्रतिदिन जाम लगता है लेकिन प्रशासन द्वारा इस समस्या को लेकर कोई भी रणनीति तैयार नहीं की गई है। जिसके कारण नगर वासियों में भारी रोष व्याप्त है। घंटो की मेहनत के बाद पुलिस कर्मी जाम खुलवाने में सफल हुए जब जाकर वाहनों का काफिला अपनी मंजिल की ओर रवाना हुआ। वही जाम की समस्या धीरे-धीरे नगर के अंदर एवं बाईपास मार्ग पर विकराल रूप धारण कर चुकी है। अगर जल्द प्रशासन द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए कोई रणनीति नहीं बनाई गई तो यह समस्या और गंभीर हो जाएगी। व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल द्वारा बताया गया कि व्यापारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठकों में कई बार जाम का मुद्दा उठाया गया है। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इस समस्या को लेकर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया।


जाम में फंसी एम्बुलेंस। –जागरण मोर्चा

## जूस विक्रेता ने उप निरीक्षक पर मारपीट कर नारियल भरकर ले जाने का लगाया आरोप

### व्यापारी नेता एवं उप निरीक्षक के बीच हुई नोक झोक, उच्च अधिकारियों से शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के अमरोहा अड्डे पर एक दरोगा ने जूस संचालक के नारियल अपनी कार में भर लिए जूस संचालक ने विरोध किया तो उसकी पिटाई भी कर दी गई। जिसका वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। दरोगा की हरकत को लेकर नगर के व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है।व्यापारियों ने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला खैवान निवासी सागर पुत्र मोहनलाल ठेला पर जूस बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बुधवार की दोपहर नगर के अमरोहा अड्डे पर पीड़ित सागर अपने ठेले पर जूस बेच रहा था इसी दौरान कोतवाली में तैनात एक दरोगा कुछ सिपाहियों के साथ नगर के अमरोहा अड्डे पर पहुंचा। अमरोहा अड्डे पर लगे सागर के ठेले पर जाकर अतिक्रमण को सागर को डांटना शुरू कर दिया और कहा कि सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है इसे यहां से हटाओ। इसी दौरान जो संचालक को दरोगा में कहां सनी भी हो गई। गुस्साए दारोगा ने अमरोहा अड्डे पर तैनात दो होमगार्ड से सागर के ठेले पर रखे नारियलों को उठवाकर अपनी कार में भरवा लिया। जिसका वीडियो पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। युवक ने विरोध किया तो उसकी पिटाई भी की गई।

इसी दौरान आरोपी दरोगा जूस संचालक युवक को धमकाते हुए कोतवाली तक ले आया। लगभग आधे घंटे बाद आरोपी दारोगा ने युवक को छोड़ दिया। सूचना पर नगर के व्यापारियों की अमरोहा अड्डे पर पीड़ित ठेला संचालक के ठेले पर भीड़ लग गई। व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महामंत्री मुकेश गुप्ता ने कहा कि कोतवाली में तैनात दरोगा का व्यवहार ठेला संचालक के खिलाफ बहुत ही निंदनीय है जब तक आरोपी दरोगा पर कार्रवाई नहीं होती व्यापारी चैन से नहीं बैठेंगे। वही कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक ने बताया कि उस पर लगाए गए आरोप निराधार, चौराहे पर जाम लगने के कारण अतिक्रमण हो रहा था जिससे ठेला हटवाया जा रहा था।


पीड़ित से जानकारी करते व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल। –जागरण मोर्चा


पुलिस एवं व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता के बीच नोंकझोंक होते हुए। –जागरण मोर्चा

## राष्ट्र सेवी संगठन ने किया गोष्ठी का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा दी किसान सहकारी चीनी मिल परिसर हसनपुर में किसानो के बीच धूम्र पान निषेध दिवस के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि बीड़ी सिगरेट आदि में कई हानिकारक गैसों की मौजूदगी से धूम्रपान न केवल धूम्रपान करने वाले के लिए हानिकारक है बल्कि उसके द्वारा छोड़े गए धुएं से पास में मौजूद लोगों के सांस लेने से उसके शरीर को भी नुकसान पहुंचाता है। उसी प्रकार गुटखा तम्बाकू आदि भी शरीर के लिए हानिकारक हैं। इस अवसर पर मौजूद किसानो को जागरूक करते हुए उन्हें गुटखा तम्बाकू धूम्रपान न करने का संकल्प दिलाया साथ ही परिवार को भी तम्बाकू धूम्रपान से मुक्त रखने की अपील की। सरकारी दफ्तरों में कुछ कर्मियों द्वारा गुटखा, तम्बाकू,धूम्रपान आदि के प्रयोग किए जाने पर रोष व्यक्त किया। एक स्वर से ड्यूटी टाइम पर गुटखा, तम्बाकू, धूम्रपान करने वाले सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस अवसर पर महिपाल सिंह प्रांत गन्ना मंत्री भारतीय किसान संघ, सुभाष सिंह, कांछिद, दीपक चौहान, रविन्द्र सिंह, ब्रजपाल, सोमपाल सिंह, मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।


गोष्टी के दौरान शपथ लेते किसान। –जागरण मोर्चा

## घर में घुसकर जान से मारने की धमकी का आरोप, दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम देवराखेड़ा में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। यहां एक हिंदू संगठन से जुड़े एक युवक के घर पर कुछ लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। युवक के घर पर न मिलने पर युवक की मां और बहनों के साथ अभद्रता की और गाी गलौज की। इस मामले में युवक की मां ने थाने में आरोपित के खिलाफ तहरीर दी है।

पीड़ित गांव देवरखेड़ा निवासी बाला देवी ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे कुछ युवक घर पर आए और बेटे अ नमोल को पूछने लगे। उसने बेटे के घर पर न होने की बात कहीं, जिसके बाद आरोपित ने फोन पर बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि वह धर्म विशेष और हिंदू धर्म के गीतों को बनाना बंद कर दे, वरना उसे जान से मार दिया जाएगा। उसके बाद युवकों ने उसके साथ गाली गलौज करने लगे, विरोध करने पर उसके व बेटी के साथ बदतमीजी की और उसके बाद जाते-जाते धमकी दी कि जिस दिन तेरा बेटा मिलेगा, उसे जान से मार देंगे। उनके पास घटना की फोटो और वीडियो रिकार्डिंग भी मौजूद है। थाना प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच के बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।



## धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** धूम्रपान निषेध दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शपथ लेकर जनता को धूम्रपान न करने के लिए जागरूक करते हुए तंबाकू के सेवन से कई बीमारियां होती हैं, इसलिए इसका उपयोग न करने की अपील की। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नगर स्थित सीएचसी के प्रांगण में बुधवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा शपथ ग्रहण और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नगर वासियों,युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलाई गई उसके बाद स्टाफ द्वारा नगर वासियों को तंबाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक किया गया और इसके सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया ।सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने कहा कि तंबाकू जनहित बीमारी जैसे मुख का कैंसर और तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव जैसे हृदय रोग व फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। इस मौके पर डॉक्टर मुदित, डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर ब्रह्मानंद, मनोज जोशी, आरती शर्मा, अरुण यादव, रामकुवंर, कृष्ण पाल, सुनील कुमार सहित सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।


धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर शपथ लेते हुए। –जागरण मोर्चा

## सम्पादकीय

# आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू, गैस की कमी होने की आशंका

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते देश में रसोई गैस के साथ वाहनों में प्रयुक्त होने वाली गैस की किल्लत रोकने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने का जो फैसला किया, वह यही बताता है कि गैस की कमी होने की आशंका उभर आई है और सरकार ऐसा नहीं होने देना चाहती। इस अधिनियम के लागू होने के बाद देश की तमाम रिफाइनरियों और पेट्रो केमिकल यूनिट्स को अपने अन्य उत्पादों की तुलना में एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देनी होगी। इसके अलावा सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की न तो जमाखोरी होने पाए और न ही उसकी कालाबाजारी। यह शुभ संकेत नहीं कि देश के कुछ शहरों में रसोई गैस की कालाबाजारी होने की आशंका उभर आई है। इसके अलावा इसका भी खतरा पैदा हो गया है कि मुनाफाखोर रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर सकते हैं। सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की किल्लत को लेकर अफवाहें न फैलने पाएं, क्योंकि जब ऐसा होता है, तब लोग अनावश्यक रूप से चिंतित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण ही कहीं-कहीं गैस सिलेंडरों के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्पष्ट है कि लोगों को भी धैर्य धारण करना होगा और अफवाहों को लेकर सचेत रहना होगा। यह ध्यान रहे कि चंद दिनों पहले पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी न होने के बाद भी कुछ जगह ऐसी अफवाह फैल गई थी कि उनकी कमी होने जा रही है। इस स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब अफवाहों को फैलने से रोका जाए और संबंधित प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचनाएं समय पर प्रसारित की जाती रहें। आखिर जब संबंधित मंत्रालय और विभागों की ओर से इसके लिए आशवस्त किया जा रहा है कि फिलहाल गैस की कोई कमी नहीं, तब फिर किसी को बिना जरूरत अतिरिक्त गैस सिलेंडर पाने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। यह सही है कि पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है, क्योंकि उनकी आपूर्ति करने वाला होर्मुज जल मार्ग ठप हो गया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सरकार रूस, कनाडा के अलावा अफ्रीकी देशों से तेल के साथ गैस की आपूर्ति के हरसंभव जतन कर रही है। गैस की कमी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी सचेत रहना होगा। उचित यह होगा कि जैसे केंद्र सरकार ने जमाखोरी-कालाबाजारी पर निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की, वैसी ही समितियां राज्य सरकारें भी गठित करें। इसी के साथ यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि न तो घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर में कमी आने पाए और न ही कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत होने पाए, क्योंकि इससे होटल-रेस्त्रां उद्योग प्रभावित होंगे और इसका असर अन्य अनेक लोगों पर भी पड़ेगा।



## ऐतिहासिक घटनाएं

- 1996 - सैटेनिक वर्सेज के लेखक सलमान रुश्दी के ख़िलाफ़ फ़तवा को ईरान ने वापस लिया।
- 1999 - इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कंपनी है जो नशदाक (ह्रस्ष्ठक्त) अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आई।
- 2001 - संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान का एशिया के चार देशों की यात्रा पाकिस्तान से प्रारम्भ, अन्नान कश्मीर पर भारत के रुख़ से सहमत, बौद्ध प्रतिमाओं के ध्वंस के संबंध में तालिबान ने अन्नान का अनुरोध ठुकराया।
- 2004 - स्पेन में तीन रेलवे स्टेशनों पर हुए बम विस्फोटों में 190 मरे, 1200 घायल।
- 2006 - यूनानी संसद ने दाह-संस्कार को अनुमति देने वाले क़ानून को बहुमत से पारित किया।
- 2008 -
- मेघालय में 8वीं विधान सभा के 57 सदस्यों ने शपथ ली। उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों में विनियोग विधेयक ध्वनि मत से पारित हुआ।
- पाकिस्तान के लाहौर में दो आत्मघाती विस्फोटों में 26 लोग मारे गये। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एंडेवर ने अंतरिक्ष स्टेशन की ओर उड़ान भरी।
- 2011- भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों ने उड़ीसा के समुद्र तट पर 350 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली धनुष और पृथ्वी मिसाइलों का सफल परीक्षण किया।
- 11 मार्च को जन्मे व्यक्ति
- 1915 - विजय हज़ारे - भारत के जानेमाने क्रिकेट खिलाड़ी थे।
- 1925 - मदनसिंह मतवाले - हैदराबाद रियासत के साथ संघर्ष करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक।
- 1927 - वी. शांता - रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता भारतीय महिला चिकित्सक थीं।
- 1939 - सुदर्शन साहू - प्रसिद्ध भारतीय मूर्तिकार हैं।
- 1942 - अमरिंदर सिंह - पंजाब के मुख्यमंत्री
- 1951 - डॉ. अशोक बंसल - जानेमाने भारतीय पत्रकार और लेखक हैं।

विशेष आलेख

# वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार



ललित गर्ग

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया 'मत्स्य-न्याय' यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस्, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है। विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निर्माता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है। आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणामस्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है।

आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोडने लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है, लेकिन उसी तरह के कृत्यों पर दूसरे देशों के संदर्भ में चुप्पी साध ली जाती है। इससे मानवाधिकार एक सार्वभौमिक मूल्य के बजाय भू-राजनीतिक बहस का उपकरण बन जाते हैं। यदि विश्व समुदाय वास्तव में मानवता की रक्षा करना चाहता है तो उसे हर देश के लिए समान मानदंड अपनाने होंगे। इन परिस्थितियों में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से उस दौर की ओर बढ़ रही है जहां 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' ही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नियम बन जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो यह केवल छोटे देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा होगा। भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। आज जब विश्व व्यवस्था डगमगा रही है, तब भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति है बल्कि एक ऐसी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है जिसने सदियों से अहिंसा, सह-अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को महत्व दिया है। महात्मा गांधी की अहिंसा की परंपरा और भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी विश्व को दिशा दे सकती है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव का उपयोग विश्व शांति की दिशा में और अधिक सक्रिय रूप से करें। पिछले वर्षों में भारत ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति, सहयोग और विकास की बात को प्रमुखता से उठाया है। अब समय आ गया है कि इस पहल को और व्यापक बनाया जाए। भारत को चाहिए कि वह वैश्विक स्तर पर युद्धविराम, संवाद और कूटनीतिक समाधान के लिए पहल करे। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की त्रासदी-इन सबके समाधान के लिए संवाद की नई पहल आवश्यक है। भारत यदि मध्यस्थता और शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाए तो वह विश्व राजनीति में एक संतुलनकारी शक्ति बन सकता है। इसके साथ ही परमाणु हथियारों और शस्त्रों की होड़ पर भी गंभीर चिंतन आवश्यक है। आज दुनिया में जिस गति से आधुनिक हथियारों का भंडार बढ़ रहा है, वह मानवता के लिए गंभीर खतरा है। किसी भी क्षण किसी राष्ट्र की नासमझी या राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी दुनिया को विनाश के कगार पर ला सकती है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# युद्ध की विभीषिकाः हारती मानवता और सिसकता विश्व



सुनील कुमार महला

*पिछले कुछ समय से अमेरिका, इजऱायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। सच तो यह है कि इस संघर्ष के कारण चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है ।*

युद्ध वास्तव में केवल सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता, बल्कि उसका सबसे गहरा घाव मानवता की आत्मा पर लगता है। कहना गलत नहीं होगा कि आज का विश्व एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ प्रगति की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन धरातल पर विनाश की पदचाप साफ़ सुनाई देती है। पिछले कुछ समय से अमेरिका, इजऱायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। सच तो यह है कि इस संघर्ष के कारण चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है और तबाही का मंजर करीब आता दिखाई दे रहा है। यह संघर्ष केवल दो-तीन देशों की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, मानवीय संवेदनाओं और आने वाली पीढियों के भविष्य पर भी पड़ रहा है।

**युद्ध और आर्थिक तबाही**

यह एक कड़वा सच है कि युद्ध का सबसे पहला और प्रत्यक्ष प्रहार आम आदमी की जेब और पेट पर होता है। मध्य-पूर्व दुनिया के तेल और गैस का प्रमुख केंद्र है। जब भी यहाँ युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) बाधित हो जाती है। तेल और गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि महंगाई को चरम पर पहुँचा देती है। एक गरीब परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी कठिन हो जाता है, क्योंकि युद्ध के कारण परिवहन और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है। यह आर्थिक संकट केवल एक देश तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे विश्व के लिए साझा संकट बन जाता है।

**अहम और विस्तारवाद की अंधी दौड़**

युद्ध कभी भी अचानक नहीं होते; इनके पीछे लंबे समय से पल रही कुंठाएँ, विस्तारवादी नीतियाँ और शासकों की मनमानी होती है। जब देशों के बीच संवाद समाप्त हो जाता है और 'अहम' (इगो) बड़ा हो जाता है, तब कूटनीति के रास्ते बंद हो जाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज परमाणु हथियारों की होड़ ने मानव जाति को विनाश के उस मुहाने पर खड़ा कर दिया है जहाँ एक छोटी-सी गलती पूरी सभ्यता को मिटा सकती है। धार्मिक कट्टरवाद, जातीय संघर्ष और सीमा विवाद जैसे मुद्दे आग में घी डालने का काम करते हैं। जब शासक अपनी शक्ति के प्रदर्शन में अंधे हो जाते हैं, तो वे यह भूल जाते हैं कि जिस धरती को जीतने की कोशिश कर रहे हैं, उसे रहने लायक भी नहीं छोड़ेंगे।

**युद्धःइंसानियत की हार**

इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं रहे। युद्ध केवल नए युद्धों का बीज बोते हैं। किसी भी संघर्ष में न कोई देश वास्तव में जीतता है और न ही कोई हारता है; अगर कुछ हारता है तो वह है मानवता।

सच तो यह है कि युद्ध के मैदान में बारूद की गंध के बीच सबसे पहले करुणा और दया की बलि चढ़ती है। जब बम गिरते हैं, तो वे यह नहीं देखते कि नीचे कौन है। मलबे के ढेर पर बैठकर बिलखते बच्चे, अपनों को खो चुकी महिलाएँ और बेबस बुजुर्ग इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि युद्ध कितना क्रूर होता है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

## लघु कथा

### परिवार की लाड़ली



एक साथ तीन पीढियां गांव के बस स्टेण्ड पर बस का इंतजार कर रही थीं। दादी,मां,पिता, बेटा और उसकी नई-नवेली बहू। बस स्टेण्ड हाइवे के किनारे था हालांकि यातायात की कमी नहीं थी लेकिन लोकल बसों की कमी थी। फलस्वरूप लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। समय गुजारने के लिये बेटे ने एक तरीका ढूंढ निकाला। वह आते-जाते ट्रकों के पीछे की लिखावटों को पढने लगा ।जरा जोर से ताकि सब सुन लें। कोई रोमांटिक सी बात होती तो बहू की ओर देख कर और जोर से बोलता। बहू घूंघट कुछ ऊपर उठाती नीचे का ओंठ दांतों तले दबाती और सबकी नजरें बचाते हुए पति की ओर आंखें तरेरती। पति को पत्नी के चेहरे की यह लिखावट ट्रक की लिखावट से भी ज्यादा रोमांचित कर देती। उसे इंतजार में भी अनोखा आनंद आने लगा। अभी-अभी मार्बल से लदा एक ट्रक गुजरा था। ओवरलोड। धीमी रफ्तार दर्द से कराहता हुआ सा, लिखा था, 'परिवार की लाडली। बेटे ने कहा, वो देखो परिवार की लाडली जा रही है और बड़े लाड़ से पत्नी को निहारा। हुंह, इतना तो बोझा लाद रखा है और परिवार की लाड़ली ! पत्नी ने व्यंग्य किया। सासूजी सुन रही थी उन्होंने तिरछी निगाहों से अपने पति व सास की तरफ देखा, फिर बोली,। इतना बोझा लाद रखा है तभी तो परिवार की लाड़ली है। वरना..... बहू ने महसूस किया कि सासूजी की आवाज घुट कर रह गई है।

## हैल्थ टिप्स

# गर्मियों में वजन घटाने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स, कुछ ही दिनों में लटकती तोंद हो जाएगी अंदर

**नींबू पानीः** अगर आप गर्मियों में अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, नींबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ को बाहर निकलने में मदद करता है। रोजाना इसके सेवन से वेट लॉस तो होता ही है, साथ ही शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत बनती है।

**नारियल पानी :** नारियल पानी को बेस्ट समर ड्रिंक कहा जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच सकते हैं। इससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, शरीर को एनर्जेटिक रखने में भी मदद करता है।

**जीरा पानी :** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप जीरा पानी भी पी सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत बनता है और मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप रात को एक चम्मच जीरा को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को उबालकर पी लें।

**खीरे का जूसः** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप खीरे का जूस भी पी सकते हैं। दरअसल, इसमें पानी और फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। इसके सेवन से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है।




**मेष**

आज का दिन आपके लिए थोड़ा उलझनों भरा रह सकता है। किसी काम को लेकर आपके मन में संशय या असमंजस बना रह सकता है, इसलिए यदि किसी निर्णय को लेकर मन पूरी तरह तैयार न हो तो जल्दबाज़ी में कदम उठाने से बचें।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए हल्का-फुल्का और आनंदमय रहने वाला है। परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा मौका मिलेगा और यदि घर में किसी बात को लेकर समस्याएं चल रही थीं।

**मिथुन**

आज आपको वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि किसी अचानक ख़राबी के कारण आपका अतिरिक्त खर्च बढ़ सकता है। दिन के दौरान आप परिवार या दोस्तों के साथ कहीं घूमने या पिकनिक पर जाने की योजना भी बना सकते हैं।

**कर्क**

आज आपके और आपके पिताजी के बीच किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक हो सकती है, खासकर यदि बात व्यवसाय या कामकाज से जुड़ी हो। वे आपको कुछ सलाह दे सकते हैं।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल होने का संकेत दे रहा है। पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होकर आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**कन्या**

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। उन्हें किसी नई जगह सीखने या काम करने का अवसर मिल सकता है, जिससे उनका अनुभव बढ़ेगा।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। आप कहीं बाहर जाने या छोटी यात्रा की योजना भी बना सकते हैं।

**वृश्चिक**

आज का दिन सामान्य रूप से ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेते समय आपको अपनी बुद्धि और समझदारी का पूरा उपयोग करना होगा।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेकर आगे बढना होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपके खिलाफ षड्यंत्र भी रच सकते हैं।

**मकर**

आज का दिन आपको मेहनत और लगन से काम करने की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है, जो आपके चेहरे पर मुस्कान ला देगा।

**कुंभ**

आज आपको अपने बढ़ते हुए खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। आपका मन खर्च करने में खुला रह सकता है, जिससे बजट बिगड़ने की संभावना है। जो लोग नया घर या मकान खरीदने की योजना बना रहे हैं।

**मीन**

आज का दिन आपको हर निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह देता है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचें, क्योंकि इससे गलती होने की संभावना बढ़ सकती है।

# प्रशासन कह रहा स्थिति सामान्य पेट्रोल और गैस के भटक रहे उपभोक्ता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जनपद में इन दिनों पेट्रोल और घरेलू गैस को लेकर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर और आसपास के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल खत्म हो जाने से वाहन चालकों को घंटों भटकना पड़ रहा है। कई जगहों पर लोग एक पेट्रोल पंप से दूसरे पेट्रोल पंप तक चक्कर काटते दिखाई दिए, जबकि कुछ पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें भी लगी रहीं। पेट्रोल न मिलने से दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, छात्र और रोजमर्रा के कामकाज के लिए वाहन इस्तेमाल करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान दिखाई दिए। कई लोगों को अपने जरूरी काम छोड़कर पेट्रोल की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इधर घरेलू गैस को लेकर भी लोगों के बीच चिंता का माहौल बना रहा। कई उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर बुकिंग में दिक्कत आने और सिलेंडर मिलने में देरी की शिकायत की। इस बीच प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कराया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बिक्री प्रबंधक की संयुक्त टीम ने शहर की कई गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। टीम ने मोहल्ला लोधीपुर स्थित पशुपतिनाथ भारत पेट्रोलियम गैस एजेंसी, मोहल्ला टाउनहॉल स्थित सतकरतार इंडेन गैस एजेंसी और रोहित इंडेन गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को किसी भी एजेंसी पर गैस सिलेंडर के स्टॉक में कोई अनियमितता नहीं मिली। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं को जानकारी दी कि जनपद में घरेलू रसोई गैस की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है और सभी एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। अधिकारियों के अनुसार अब घरेलू गैस की बुकिंग केवल उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर से की जा रही है और गैस सिलेंडर की डिलीवरी डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) के माध्यम से की जा रही है। यह व्यवस्था वास्तविक उपभोक्ता तक ही गैस सिलेंडर पहुंचाने और अनियमित बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसके साथ ही जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे जनपद में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और अवैध बिक्री पर नजर रखने के लिए तहसील और नगर स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण या नियमों के विरुद्ध बिक्री की जाती है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि प्रशासन का कहना है कि पेट्रोल और गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी स्तर पर पेट्रोल पंपों पर तेल खत्म होने और लोगों के भटकने की स्थिति ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब सब कुछ सामान्य बताया जा रहा है तो फिर जनता को इतनी परेशानी क्यों उठानी पड़ रही है।

# सांसद ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष से मिलकर उठाईं जनपद की समस्याएं

- रोड निर्माण के लिए एनओसी, तीन आरओबी जल्द पूरा कराने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** भाजपा सांसद अरुण सागर ने दिल्ली में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात कर जनपद की विभिन्न रेल संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने इन समस्याओं के समाधान के लिए पत्र भी सौंपा। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने जल्द कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है। सांसद ने रोजा क्षेत्र के वार्ड नंबर-1 में पक्की सड़क निर्माण के लिए रेलवे की एनओसी देने की मांग की। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। नगर निगम की ओर से करीब 200 मीटर लंबी और 5 मीटर चैड़ी सड़क बनाने का प्रस्ताव दिया गया है, लेकिन जमीन रेलवे की होने के कारण एनओसी आवश्यक है। उन्होंने मुरादाबाद मंडल के डीआरएम को एनओसी जारी करने के निर्देश देने का अनुरोध किया। इसके अलावा सांसद ने निगोही-तिलहर रेलवे क्रॉसिंग मीरानपुर कटरा रेलवे क्रॉसिंग और कसरक रेलवे क्रॉसिंग पर निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के शेष कार्य को जल्द पूरा कर पुलों को चालू कराने की मांग भी उठाई, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके। सांसद ने लखनऊ-नई दिल्ली मार्ग पर यात्रियों की बढ़ती संख्या का हवाला देते हुए इस रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने और उसका ठहराव देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य कार्यों के लिए बड़ी संख्या में लोग इस मार्ग से यात्रा करते हैं, इसलिए तेज और आधुनिक ट्रेन की आवश्यकता है। सांसद अरुण सागर ने कहा कि जनपद की समस्याओं को शीर्ष स्तर तक पहुंचाना और उनका समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 17 मार्च से पहले सक्रिय होंगे 158 गेहूं क्रय केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में गेहूं खरीद और भंडारण व्यवस्था को समय से शुरू कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेंसियों को निर्देश दिया कि जनपद में स्वीकृत 158 गेहूं क्रय केंद्रों को जल्द सक्रिय किया जाए, ताकि 17 मार्च 2026 से पहले सभी केंद्र पूरी तरह क्रियाशील हो जाएं। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए जरूरी उपकरण, अभिलेख और सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खाद्य विभाग के ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों का पंजीकरण शुरू हो चुका है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज बेचने के लिए जल्द ही ीजजचेरूध्ध्ध्बे.नच.हवअ.पद पर मोबाइल या जनसुविधा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण करा लें, ताकि बाद में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में बताया गया कि 17 मार्च से क्रय केंद्रों पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक गेहूं खरीद की जाएगी। केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों के साथ सौम्य व्यवहार करें और उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें। गेहूं खरीद से जुड़ी शिकायतों और सुझावों के लिए नियंत्रण कक्ष नंबर 05842-221986 और व्हाट्सएप नंबर 95190-63411 जारी किए गए हैं। किसान इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से यह भी अपील की है कि वे गेहूं को अच्छी तरह सुखाकर और साफ करके ही क्रय केंद्रों पर लाएं, ताकि सरकारी खरीद में कोई दिक्कत न हो।

# 263 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, 79 पुड़िया बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 263 ग्राम गांजा की 79 पुड़िया और 2600 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने हरदोई बाईपास स्थित किंग मैरिज लॉन के सामने खोखे के पास छापेमारी की।

इस दौरान पुलिस ने आदर्श नगर कॉलोनी, थाना रोजा निवासी अतुल उर्फ सौरभ (28) को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 263 ग्राम गांजा (79 पैकेट) और 2600 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामचन्द्र मिशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पहले ऑटो चलाता था, लेकिन पिछले 3द्द4 दिनों से गांजा बेचने का काम कर रहा था। उसने बताया कि अजयपाल नाम का व्यक्ति उसे गांजा लाकर देता था, जिसे वह 50 से 100 रुपये प्रति पैकेट में बेचता था। बिक्री से मिले पैसों में से कुछ वह खुद रख लेता था और बाकी अजयपाल को दे देता था। पुलिस आरोपी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक सचिन भारती और हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार शामिल रहे।

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** होली के दिन पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति मनमोहन पांडेय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद वह घायल हो गया था और उसका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा था।

डॉक्टरों द्वारा हालत सामान्य बताने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। यह घटना चैक कोतवाली क्षेत्र की बालाजी कॉलोनी में होली के दिन सुबह करीब छह बजे हुई थी। बताया जाता है कि आरसी मिशन क्षेत्र के रेती निवासी मनमोहन पांडेय की पत्नी आरती उससे मनमुटाव के कारण अलग रह रही थी। आरती अपने परिचित बृजदीप के साथ बालाजी कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही थी। पति-पत्नी के बीच तलाक का मुकदमा भी चल रहा था। होली की सुबह मनमोहन अचानक पत्नी के किराए के मकान पर पहुंच गया। दरवाजा खुलते ही उसने वहां मौजूद बृजदीप पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद उसने पत्नी आरती के गले पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस दौरान मनमोहन और बृजदीप के बीच मारपीट भी हुई, जिसमें मनमोहन भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मनमोहन को पुलिस ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था।

मंगलवार को पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों से उसकी हालत के बारे में जानकारी ली। हालत सामान्य मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है, हालांकि उसने हत्या की वजह स्पष्ट नहीं बताई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल ने मनाया होली मिलन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** ऑल इंडिया गार्ड्स काउंसिल की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सदस्यों और सेवानिवृत्त साथियों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिव प्रकाश वर्मा, अजय पोता (पार्षद, रोजा), सर्वेश पाल, ए.बी. मिश्रा और अभिषेक दीक्षित मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जोनल अध्यक्ष वैभव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीडब्ल्यूसी सदस्य पंकज कश्यप सहित सुभाष चंद्र द्विवेदी, आकाश, आशुतोष, संदीप, विनीत, हितेश, अतुल, विकास, राजकुमार, अवधेश, जी.सी. शुक्ला, अमित, कौशल, फजल, पवन, अजीत, रूपेंद्र, अजय सिंह, देवेंद्र, विक्की, धर्मेंद्र, धर्मेश, दीपक, वीरेंद्र, नरेंद्र, किनकर, चंदन, अरविंद, ब्रजेश, प्रवीन, संजीव, अवनीश पाल और प्रदीप सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। वहीं सेवानिवृत्त साथियों में वी.के. शुक्ला, अनिल दीक्षित, मदन लाल, हेतराम, देवीचरण, सीताराम, राजकुमार, दौलतराम, सतीश शर्मा और पी.पी. अवस्थी ने भी समारोह में शामिल होकर सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

## सपा नेता वीपी सिंह की पत्नी सरोज सिंह का निधन

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय वीपी सिंह वर्मा (इंस्पेक्टर साहब) की पत्नी और अधिवक्ता अमित सिंह वर्मा (पूर्व शासकीय अधिवक्ता व महासचिव, सेंट्रल बार एसोसिएशन) की माता सरोज सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजनों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि स्वर्गीय वीपी सिंह वर्मा मूल रूप से बुलंदशहर जनपद के निवासी थे। उन्होंने शाहजहांपुर में समाजवादी पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे समाजवादी सरकार के दौरान दर्जा राज्यमंत्री भी रहे थे और पूर्व मंत्री व सांसद स्वर्गीय राममूर्ति सिंह वर्मा के करीबी सहयोगी माने जाते थे। सरोज सिंह का अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे मोक्षधाम लालपुल में किया गया, जिसमें परिजन, अधिवक्ता, राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालयों को मिली ग्रांट, 20 मार्च तक खर्च का विवरण देने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए शासन की ओर से विभिन्न मदों में ग्रांट जारी कर दी गई है। यह धनराशि विद्यालय प्रबंधन समितियों के खातों में भेज दी गई है, जिससे विद्यालयों में जरूरी कार्य कराए जा सकें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि जनपद के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट और पीएम श्री विद्यालयों में अलग-अलग कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से निर्धारित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराएं और उसका उपभोग प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि जनपद के 92 कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को आईसीटी लैब संचालन के लिए सामग्री खरीदने हेतु कुल 1 लाख 33 हजार 500 रुपये की धनराशि दी गई है। वहीं 503 कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चलाने के लिए प्रति विद्यालय 38 हजार रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा सभी विद्यालयों में वार्षिक उत्सव और खेल उत्सव के आयोजन के लिए 1500 रुपये प्रति विद्यालय दिए गए हैं। वहीं 232 से अधिक छात्र संख्या वाले 175 विद्यालयों में बच्चों और अभिभावकों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार वितरण हेतु प्रति विद्यालय 6500 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। साथ ही जनपद के 1099 परिषदीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को लेखन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए 1000 रुपये प्रतिमाह की दर से पांच माह के लिए कुल 5000 रुपये की धनराशि भेजी गई है। बीएसए ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे कर 20 मार्च से पहले उपभोग प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करें।

# एसआईआर मैपिंग में तेजी लाने को पालिका कर्मियों की भी लगी ड्यूटी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** एसआईआर मैपिंग के दौरान पुष्टि न हो पाने वाले व्यक्तियों की तलाश तेज करने के लिए अब राजस्व और विकास विभाग के साथ-साथ नगरपालिका कर्मियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार को एसडीएम सदानंद सरोज ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर बीएलओ की बैठक ली और कार्य की समीक्षा की। बैठक में कई बीएलओ ने बताया कि कई लोग स्थलीय सत्यापन के दौरान घरों पर नहीं मिल रहे हैं, जिससे कार्य में दिक्कत आ रही है। इस पर एसडीएम ने ऐसे लोगों की तलाश के लिए पालिका कर्मियों को भी ड्यूटी पर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के निवास या जन्म प्रमाणपत्र बनने में समस्या आ रही है, उनके मामलों में आधार और पैन कार्ड के आधार पर भी फीडिंग की जा सकती है। साथ ही बीएलओ को निर्देश दिए गए कि मैपिंग कार्य में तेजी लाकर शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करें। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि एसआईआर मैपिंग का करीब 96 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष चार प्रतिशत कार्य भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

एसडीएम मंगलवार को अपरान्ह करीब डेढ़ बजे से शाम पांच बजे तक नगर पालिका कार्यालय में मौजूद रहकर कार्य की समीक्षा करते रहे। इस दौरान ईओ सत्येंद्र प्रकाश सहित क्षेत्र के सभी बीएलओ मौजूद रहे।

# मस्जिदों-ईदगाहों के आसपास सफाई, बिजली पानी और सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** आगामी अलविदा और ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की अध्यक्षता में शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईदगाह कमेटी के सदस्य, धर्मगुरु और शहर के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि 13 मार्च, शुक्रवार को जनपद की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद आगामी दिनों में ईद की नमाज भी मस्जिदों में पढ़ी जाएगी। नमाज में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने को देखते हुए प्रशासन ने तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में ईदगाह कमेटी के सदस्यों और धर्मगुरुओं ने मस्जिदों व ईदगाहों के आसपास साफ-सफाई, छुट्टा पशुओं पर नियंत्रण, निर्बाध बिजली आपूर्ति, पेयजल की व्यवस्था और नमाज के दौरान सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की मांग रखी। साथ ही जहां सड़कें खुदी हुई हैं वहां धूल रोकने के लिए पानी का छिड़काव कराने की भी बात कही। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों के रास्तों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत और साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने चुना छिड़काव कराने और अलविदा के दिन सड़कों पर छुट्टा पशु न घूमने देने के निर्देश भी दिए। वहीं बिजली विभाग को त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत प्रशासन को दी जाए। बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, एसपी ग्रामीण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सावित्रीबाई फुले के परिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में निगोही रोड स्थित अशोक विहार के सम्राट अशोक पार्क के पास द अशोका लाइब्रेरी में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और सामाजिक क्रांति की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले के परिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की क्रांति ज्योति थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ वर्ष 1848 में बालिकाओं के लिए पहली पाठशाला की स्थापना की, जो उस समय के रूढ़िवादी समाज में एक बड़ा क्रांतिकारी कदम था। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया और उन्हें समाप्त करने के लिए संघर्ष किया। एसपी कॉलेज के अंग्रेजी प्रवक्ता ज्वाला प्रसाद ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने विधवा विवाह को बढ़ावा दिया और दहेज प्रथा तथा महिला अशिक्षा के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने प्लेग के समय गरीबों के लिए निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था भी कराई। डॉ. अंबेडकर मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष भगवत राम ने कहा कि सावित्रीबाई फुले महिला सशक्तिकरण की प्रतीक थीं और हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। गोष्ठी में एसपी कॉलेज के वाणिज्य प्रवक्ता बुधपाल सिंह, मलखान सिंह, दिव्यांशु उपासक, अंतरा सिंह, सुनील कुमार, सुमित कुमार, चंद्रपाल संखवार, प्रियांशु उपासक सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कप्तान साहब! खाकीधारी उड़ा रहे नियमों की धज्जियां, मूक दर्शक है आपकी ट्रैफिक पुलिस

- बिना हेलमेट सड़कों पर घूम रहे पुलिस कर्मी

-सिद्धान्त मिश्रा-



नियमों की धज्जियां उड़ाते वदीर्धारी

**पीलीभीत।** आम नागरिकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाने वाली ट्रैफिक पुलिस अपने महकमे के कर्मियों पर पूरी तरह मेहरबान हैं।

शहर के हर चौराहे पर यातायात पुलिस के जाबांज सिपाही और अधिकारी आम नागरिकों को नियमों का पाठ पढ़ाते हैं। वहीं दूसरी ओर जब कोई वर्दी धारी इन ट्रैफिक कर्मियों के सामने से नियमों की अवहेलना करते हुए निकलता है तो यह अपना मुंह ही फेर लेते हैं। यह तस्वीर बुधवार को शहर के उस गौहनिया चौराहे की है जहां पांच ट्रैफिक पुलिस के जाबांज मुस्तैदी कर रहे थे। जब उन्होंने वदीर्धारियों को यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते देखा तो मुंह ही फेर लिया। अब तो आम नागरिकों का भी कहना है कि नियम सभी के लिए बराबर होने चाहिए। अगर जनता से यातायात नियमों के उंलघन पर कार्यवाही कर शुल्क बसूला जाता है तो उन पुलिस कर्मियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए जो नियमों को मानते नहीं हैं। दो पहिया वाहन पर हेलमेट सभी के लिए अनिवार्य है तो पुलिस कर्मियों से रियायत क्यों? पुलिस कर्मियों को तो वैसे भी नियमों का पालन करना चाहिए क्यों कि किसी भी अप्रिय घटना पर सबसे पहले उन्हें ही याद किया जाता हैं। ट्रैफिक पुलिस की आम जनता से चिन्हित कार्यवाही और अपने विभागीय कर्मियों पर मेहरबानी बहुत से सवाल खड़े करती हैं।

**दिन भर न जाने कितने पुलिस वाले अपने वाहनों से यातायात नियमों की अवहेलना करते हैं उनके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं करी जाती, नियम सभी के लिए बराबर होने चाहिए।**



अमित अवस्थी
शहरवासी

**नियमों का पालन करना और करवाना दोनों ही पुलिस की जिम्मेदारी है, अगर आप शहरवासियों पर चिन्हित कार्यवाही करेंगे और वदीर्धारियों पर मेहरबानी तो यह आपकी कार्यशैली को बताता हैं।**



ऋषि कन्नौजिया
शहरवासी

# पुलिस की तीन टीमों के हाथ अभी तक खाली

- करोड़ों के गबन के आरोपी की अग्रिम जमानत भी खारिज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** करोड़ों का गबन करने वाले सरकारी कर्मचारी को पुलिस की तीन टीमें अभी तक नहीं पकड़ पाईं। आरोपी की जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया गया हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से जुड़े 1.01 करोड़ रुपये के संदिग्ध घोटाले में आरोपी निलंबित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम उर रहमान (इल्हाम शम्सी) की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे नामंजूर कर दिया। विदित हो कि आरोपी पर अपनी पत्नी अर्शी खातून के खाते में करीब 98 ट्रांजेक्शन के जरिए सरकारी धन हस्तांतरित करने का आरोप है। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की स्पेशल रिपोर्ट और शासन स्तर पर चल रही उच्चस्तरीय जांच के बीच कोर्ट का यह फैसला आरोपी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। पुलिस की तीन टीमें पहले से ही इसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं। करीब 1 माह होने के बाद भी आज तक इन टीमों के हाथ खाली हैं, वहीं दूसरी ओर जब यह मुकदमा शहर कोतवाली में पंजीकृत हुआ तो आरोपी ने आपके बचाव के लिए अग्रिम जमानत का रास्ता अपनाया। आरोपी की अग्रिम जमानत पर जब जिला जज के यहां इस मुकदमे की सुनवाई हुई तो दोनों पक्षों का सुनने के बाद आरोपी की अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया।

# ध्रुपद की गायकी सुन झूम उठे स्कूली बच्चे राग कलावती ने भी मोह लिया सभी का मन




कार्यक्रम में प्रस्तुति देते पंडित अभय रुस्तम सोपारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** स्पिकमैके संस्था के तत्वावधान में आयोजित संतूर वादन के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र का कार्यक्रम स्प्रिंगडेल कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन से हुआ तत्पश्चात विश्वविख्यात संतूर वादक पंडित अभय रुस्तम सोपोरी जी ने राग चारुकेशी में आलाप ,जोड़ के साथ एकताल में ध्रुपद की बंदिश प्रस्तुत की।
पंडित जी ध्रुपद की गायकी को संतूर के माध्यम से बहुत ही सुंदर प्रकार से समझाया। पंडित जी ने संतूर पर लयकारी, गतकारी इत्यादि को भी समझाया। तत्पश्चात तीन ताल में निबद्ध गत सुनकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों को संतूर के स्वरों पर अलंकार गायन भी सिखाया। कार्यक्रम का दूसरा चरण स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।
कार्यक्रम शुरू करते हुए में पंडित जी ने राग कलावती की प्रस्तुति दी, छात्र छात्राएं इस अद्भुत कार्यक्रम की तालियों के साथ प्रशंसा की। विद्यालय डायरेक्टर चारू जगोता ने सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था जिला प्रमुख संजीव पाराशरी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## जिला जज ने खारिज करी वेदप्रकाश की जमानत याचिका, बेल के लिए अब जाना होगा हाईकोर्ट

**पीलीभीत।** बीते कई दिनों से चर्चा में रहे रसूखदार प्रॉपर्टी डीलर की जमानत याचिका पर बुधवार को जिला जज ने रोक लगा दी हैं। दोनों पक्षों की सुनवाई के दौरान जिला जज ने अपना फैसला सुना दिया है। बीते दिनों पूर्व प्रापर्टी डीलर वेदप्रकाश कश्यप के ऑफिस के बाहर ऑफिस के कर्मचारी अनिल का लटकता हुआ शव मिला था। परिजनों ने वेद प्रकाश और उसके साथियों पर हत्या के आरोप लगाए थे। मामले में पुलिस की कार्यशैली भी चर्चा में रहीं थी। मंत्री की फटकार के 36 घंटे बाद वेद प्रकाश और उसके 3 साथियों पर शहर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस पर लगातार बनाए जा रहे दबाव के बाद वेद प्रकाश की गिरफ्तारी हो सकी थी। वेद प्रकाश ने जमानत के लिए जिला जज के यहां अर्जी लगाई थी। अभी थोड़ी देर पहले ही दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद जिला जज ने वेदप्रकाश की जमानत खारिज कर दी है। अब जमानत के लिए वेदप्रकाश को हाईकोर्ट जान पड़ेगा और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

# छठ पूजा घाटों और पुलिया निर्माण का शिलान्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय



विकास कार्यों का पूजन के साथ शुभारंभ करते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजीत सिंह

**पूरनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनजीत सिंह ने बुधवार को भाजपा कार्यकताओं के साथ ट्रांस शारदा क्षेत्र के जिला पंचायत वार्ड नंबर-1 में आधा दर्जन विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान शास्त्री नगर, सिद्ध नगर, नेहरू नगर, राणा प्रताप नगर और गौतम नगर में छठ पूजा घाटों के निर्माण कार्यों की शुरूआत की गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत गांधीनगर में पहले से बने जिला पंचायत के खड़ंजे पर एक पुलिया के निर्माण का भी शिलान्यास किया गया।

इस मौके पर मनजीत सिंह ने कहा कि छठ पूजा पूर्वांचल का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो विशेष रूप से महिलाओं की आस्था से जुड़ा हुआ है। महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत सदस्य रूपेंद्र कौर के प्रस्ताव पर इन घाटों के निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में अभी छठ पूजा घाट नहीं बन पाए हैं, वहां के प्रस्ताव भी जिला पंचायत को भेजे जाएंगे ताकि अन्य स्थानों पर भी घाटों का निर्माण कराया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर 12 बड़ी स्ट्रीट लाइटें भी लगवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के ह्लसबका साथ, सबका विकासह्व के नारे को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र में विकास कार्य जारी रहेंगे।

इस अवसर पर रामनगर मंडल भाजपा अध्यक्ष विजय सिंह, कबीरगंज के प्रधान इकबाल सिंह, कुठिया गुदिया के प्रधान पलविंदर सिंह, सिद्ध नगर के प्रधान महेंद्र सिंह, नेहरू नगर के प्रधान शमशेर आलम, शास्त्री नगर के प्रधान मनोज सिंह, भाजपा नेता आदर्श सिंह परिहार, राजकुमार सिंह, गुरबलदीप सिंह संधू सहित कई पूर्व प्रधान, भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गाँधी ललौरीखेड़ा की छात्राओं ने ली आइवीआरआई में जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने ली जानकारी

**पीलीभीत।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा के आदेश पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ललौरी खेड़ा की 100 छात्राओं को एक्स्पोजर विजिट के लिए आई वी आर आई बरेली छात्राओं को ले जाया गया। विजिट के पीछे विभाग का मकसद है कि बालिकाओं को भौगोलिक जानकारी मिले। पशु ,पक्षियों एवं बाहरी दुनिया से रूबरू हो। जिससे वह स्कूली शिक्षा के साथ-साथ देश दुनिया के बारे में जान सकें।

आई वी आर आई बरेली में ललौरीखेड़ा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की सौ छात्राओं को एक्सपोजर विजिट के माध्यम से संस्थान की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं को करीब से देखा। बरेली संस्थान में सबसे पहले योगा पर का बालिकाओं को भ्रमण कराया गया। नाभिकीय वैज्ञानिक प्रयोगशाला, केंचुआ पालन, पशु पक्षियों को दी जाने वाली वैक्सीन, सहित पशु पक्षियों में होने वाली बीमारियों से बचाव की भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली के सीनियर टेक्निकल ऑफीसर अजय पटेल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पशुओं में कौन-कौन से वायरस जानलेवा खतरनाक होते हैं। वैक्सीन रिसर्च के आधार पर बनाई जाती है। बालिकाओं ने पशु संस्थान जाकर कुत्ता, बिल्ली, भैंस, बकरी , घोड़ा,आदि जानवरों के की सुविधा भी देखी। पशु चिकित्सा विज्ञान के अनुभाग, रिसर्च सेंटर, पशु शरीर रचना अनुभाग में पशु पक्षियों के आंतरिक संरचना का ढांचा देखा। इसके बाद संस्थान के ही प्रयोगशाला वधुशाला ,नेशनल एनिमल साइंस सेंटर, कृषि विज्ञान केंद्र, योगा पार्क, जैविक उत्पाद विभाग का भ्रमण कराया गया। वन्य जीव प्राणी संस्थान में छात्राओं की बारह सिंघा, हिरन को करीब से देखा। म्यूजियम में मोर कछुआ शुतुरमुर्ग हेमू पक्षियों की जानकारी संस्थान की ओर से दी गई। एक्स्पोजर विजिट में जिला व्यायाम शिक्षक राजीव कुमार,के के सागर, के के सिंह ,कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डेन किरन देवी सहित सभी शिक्षिकाएं और विद्यालय का अन्य स्टाफ मौजूद भी मौजूद रहा।

# मां पूर्णागिरी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, जगह जगह फूलों से किया गया श्रद्धालुओं का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय




मां पूर्णागिरि जाते हुए भक्त

**कलीनगर।** मां पूर्णागिरी के भजनों में डूबे श्रद्धालु गांवों से लेकर हाइवे पर भी थिरकते दिखे। इस दौरान इन श्रद्धालुओं का जगह-जगह फूलों के साथ स्वागत किया गया।

कलीनगर वार्ड नंबर 1 से विगत 20 वर्षों से मां पूर्णागिरी दर्शन के लिए श्रद्धालु बड़ी संख्या में पैदल जाते रहे हैं। बुधवार को भी करीब 500 श्रद्धालुओं का जत्था मां पूर्णागिरी के दर्शन और झंडी चढ़ाने के लिए निकला।

भक्ति में सरोवार यह श्रद्धालु मां के भजनों पर थिरकते दिखाई दिए। इस दौरान लोगों इन श्रद्धालुओं की आस्था के प्रति उत्साह को देखते हुए उन पर कई जगह फूलों की बारिश करी। वार्ड से निकला यह जत्था सर्वप्रथम ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंचा।

उसके बाद पूरे क्षेत्र में घूमते हुए सभी श्रद्धालु खटीमा मार्ग होते हुए मां पूर्णागिरी के दर्शन को रवाना हो गए। इस दौरान सुखलाल पासवान, राजीव पासवान, तेजराम, मीरा देवी आदि मौजूद रहे।

## भव्य रूप में विकसित होगा गोमती उद्गम स्थल



**पीलीभीत।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने माधो टांडा स्थित गोमती नदी उद्गम स्थल मंदिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन में प्रकृति को भी अध्यात्म के साथ जोड़ा गया। हमारे ऋषि युग द्दष्टा थे। वह प्रकृति के संरक्षण संवर्धन के प्रति सजग है। सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में ही मानव मात्र के लिए कल्याणकारी दर्शन और चिंतन का विकास हुआ। मां गंगा की महिमा सर्वविदित है। गोमती को गंगा जी की उप नदी माना गया। गोमती नदी का प्रदर्भाव पृथ्वी के भीतर से हुआ। माधोटांडा ग्राम के समीप स्थित गोमत ताल में आरम्भ होती है। यहां जल धारा है। यह नदी रूप में परिलक्षित नहीं होती है। करीब बीस किमी तक यह पतली जलधारा के रूप में रहती है। इसके बाद इसमें गैहाई मिलती है। लगभग सौ किमी दूर लखीमपुर खीरी में सहायक सुखेता, छोहा,कठिना तथा आंध्र छोहा नदी इस धारा में मिलती हैं। इसके साथ ही इसे पूर्ण नदी के रूप को धारण करती है। नौ सौ साठ किमी का मार्ग तय करने के बाद यह गाजीपुर में सैदपुर के समीप गंगा में विलय हो जाती है।




## घरों एवं मंदिरों में महिलाओं ने की माता शीतला की पूजा



होलिका स्थल पर पूजा करती हुई महिला

**पीलीभीत।** शीतलाष्टमी पर माता शीतला देवी की महिलाओं ने पूजा अर्चना की। यह पर्व होली के त्यौहार के बाद बसोड़ा के रूप में भी मनाया जाता है। प्रत्येक हिन्दू परिवारों के घरों में घर की महिलाएं एक दिन पहले ही भोजन पकवान बनाती हैं। अगले दिन सुबह महिलाएं मंदिरों और होलिका वाली जगह पर पूजा कर प्रसाद चढ़ाकर घरों पर पूजा करतीं हैं। प्रत्येक मंदिरों में महिलाएं पूजा करती हैं। घरों में ज्यादातर लोग बासे ही भोजन को ग्रहण करते हैं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने नव जोड़ों को दिया आशीर्वाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में नवविवाहित जोड़ों का अभिनन्दन करते हुए

**पीलीभीत।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के भव्य पंडाल में आज 587 जोड़े प्रणय सूत्र में बंधे। वहीं दूसरे पंडाल में 37 मुस्लिम जोड़ों का निकाह संपन्न करवाया गया। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने पुष्प वर्षा कर वर-वधुओं को सफल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। वैवाहिक संस्कार संपन्न होने के बाद नवविवाहित जोड़ों को उपहार देकर विदा किया गया।
मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को मंडी समिति परिसर में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह को लेकर पूर्व में तैयारियां कर ली गई थीं। सामूहिक शादियों को लेकर भव्य पंडाल जबकि मुस्लिम समुदाय के निकाह संपन्न कराने के लिए पास में ही एक अन्य पंडाल की व्यवस्था की गई। बुधवार सुबह से ही वर-वधु पक्ष समेत उनके रिश्तेदारों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। बायोमैट्रिक सत्यापन के बाद जोड़ों को उनसे सम्बंधित पंडालों में भेजा गया । बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने समारोह स्थल पर पहुंचकर दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ भगवान गणेश को पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के साथ पंडाल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वर-वधुओं पर पुष्प वर्षा कर उनके सुखी जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि गरीब एवं निर्धन परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक एवं धार्मिक रीति-रिवाज से संपन्न हो सके, इसके लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरूआत की गई है। समारोह में डीडीओ संजय कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रताप नारायण, जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई, देवस्वरूप पटेल, डॉ. बांके लाल गंगवार, धर्मपाल, प्यारे लाल कश्यप, महेंद्र राजपूत, महेश लोधी आदि ने भी शादी के बंधन में बंधे नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।प्रत्येक विवाह वेदी पर 07-07 वर-वधुओं को बिठाया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विवाह संस्कार शुरू हुए। पंडाल में मौजूद वर-वधुओं ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। इसके बाद कन्यादान की रस्म संपन्न हुई। विवाह वेदियों में अग्नि प्रज्ज्वलित होने के बाद मंत्रोच्चारण के बीच वर-वधुओं ने सात फेरे लिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई के मुताबिक बुधवार को हुए सामूहिक विवाह समारोह में 587 जोड़े ही शामिल हुए। इसमें 550 हिंदू जोड़े और 37 मुस्लिम जोड़े निकाह करने के लिए पहुंचे। समारोह में 39 जोड़े नहीं पहुंच सके। उन्होंने बताया कि गुरुवार को बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र, नगर पालिका क्षेत्र एवं नगर पंचायत बिलसंडा क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा।

# कुलदीप यादव वंशिका संग मसूरी में 7 फेरे लेंगे

● 14 मार्च को शादी, 17 को लखनऊ में रिसेप्शन, सीएम योगी को दिया न्योता

**कानपुर (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी करने जा रहे हैं। दोनों 14 मार्च को उत्तराखंड के मसूरी में सात फेरे लेंगे। तीन दिन बाद यानी 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी होगी। इस बीच, सोमवार को कुलदीप के



पिता राम सिंह यादव ने लखनऊ में सीएम योगी को शादी का न्योता दिया। कुलदीप और वंशिका ने 4 जून 2025 को लखनऊ में सगाई की थी, जिसमें क्रिकेटर रिंकू सिंह, प्रिया सरोज समेत कई करीबी लोग शामिल हुए थे। पहले दोनों शादी नवंबर 2025 में तय हुई थी, लेकिन टी-20 विश्व कप की तैयारियों की वजह से तारीख आगे बढ़ा दी गई। अब विश्व कप चैंपियन बनने के बाद कुलदीप नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। कुलदीप के कोच और पारिवारिक मित्र कपिल देव पांडेय ने बताया-शादी की रस्में 13 मार्च से शुरू होंगी। इस दिन हल्दी और मेहंदी का कार्यक्रम होगा। शादी के बाद लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन दिया जाएगा। इसमें जाने-माने क्रिकेटर्स, बॉलीवुड की नामचीन हस्तियां और यूपी के दिग्गज राजनेता शामिल होंगे।

**टी-20 वर्ल्ड चैंपियन टीम का हिस्सा थे कुलदीप-** कुलदीप टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। टूर्नामेंट में कुलदीप ने सिर्फ एक मुकाबला खेला, जो पाकिस्तान के खिलाफ था। मैच में कुलदीप ने 14 रन देकर एक विकेट लिया था। चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर भारत के लिए अब तक 191 मैच खेले हैं। उन्होंने 22.50 के एवरेज और 4.84 की इकोनॉमी रेट से 365 विकेट झटके हैं। 31 साल के कुलदीप ने 9 मौकों पर पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं।

# गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच बने

● दो साल का कॉन्ट्रैक्ट, पूर्व साउथ अफ्रीकी ने भारत को 2011 वर्ल्ड कप दिलाया था

**कोलंबो (एजेंसी)।** पूर्व साउथ अफ्रीकी ओपनर गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच होंगे। सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने इसका ऐलान किया। वे 15 अप्रैल 2026 से टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**जयसूर्या की जगह लेंगे-** कर्स्टन को दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया है। वे सनथ जयसूर्या की जगह लेंगे, जिन्होंने



हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के सुपर-8 से बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था।

**2027 वनडे वर्ल्ड कप तक साथ रहेंगे-** श्रीलंका के साथ उनके दो साल के कार्यकाल में सबसे बड़ा टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्ड कप होगा, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। टीम की कोशिश उस टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करने की होगी।

**टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया के कोच थे-** गैरी कर्स्टन इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान नामीबिया टीम के कंसल्टेंट कोच भी रहे थे। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 101 टेस्ट और 185 वनडे खेले हैं।

**2011 वनडे वर्ल्ड कप जीता था-** कोचिंग में भी कर्स्टन का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद टीम ने टेस्ट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और रैंकिंग में नंबर-1 बना था। इसके बाद उन्होंने दो साल तक साउथ अफ्रीका की टीम को भी कोचिंग दी। 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने गैरी कर्स्टन को कंधे पर उठाकर विक्ट्री लैप लगाई थी।

**पाकिस्तानी कोच का पद बीच में छोड़ा-** कर्स्टन अप्रैल 2024 में पाकिस्तान टीम के व्हाइट बॉल कोच भी बने थे, लेकिन बोर्ड और खिलाड़ियों के साथ मतभेद के कारण उन्होंने बीच में ही पद छोड़ दिया था।

# हरभजन सिंह ने कीर्ति आजाद के 'मंदिर विवाद' पर दिया करारा जवाब, कहा- "उनकी बातें मत सुनिए, खेल और राजनीति अलग रखिए"



एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 की ऐतिहासिक जीत के बाद भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, हेड कोच गौतम गंभीर और आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना की। इस घटना पर पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद कीर्ति आजाद ने सवाल खड़े किए, जिस पर अब पूर्व भारतीय स्पिनर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है।

**क्या हुआ था विवाद?**

8 मार्च 2026 को नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त दी। भारत ने 255/5 का स्कोर बनाया (संजू सैमसन 89, इशान किशन 54, अभिषेक शर्मा 52), जबकि न्यूजीलैंड 159 पर सिमट गया (जसप्रीत बुमराह 4 विकेट)। यह भारत की तीसरी टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी थी और पहली बार घरेलू मैदान पर डिफेंड करने वाली टीम बनी। जीत के बाद उसी रात सूर्यकुमार, गंभीर और जय शाह ट्रॉफी लेकर स्टेडियम के पास हनुमान मंदिर पहुंचे और आशीर्वाद लिया।

कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया पर इसे गलत ठहराते हुए कहाः "टीम में हर धर्म के खिलाड़ी होते हैं, खेल का कोई धर्म नहीं। ट्रॉफी 140 करोड़ भारतीयों की है, किसी एक धर्म की नहीं। अगर ऐसा चलता रहा तो भारत और पाकिस्तान में क्या फर्क बचेगा? मैंने खेलते समय कभी धर्म नहीं जोड़ा। मस्जिद, चर्च या गुरुद्वारा क्यों नहीं?"

**हरभजन सिंह का पलटवार**

हरभजन सिंह ने कीर्ति आजाद के बयान को राजनीति से प्रेरित बताते हुए कहा कि "उनकी बातें आप मत सुनिए। खेल और राजनीति को अलग रखना चाहिए। आपकी आस्था है तो मंदिर जाइए, गुरुद्वारे जाइए, मस्जिद जाइए या कहीं भी जाइए। अगर सूर्यकुमार और गंभीर ने मन्नत मांगी थी और ट्रॉफी लेकर गए, तो यह उनकी व्यक्तिगत इच्छा है। इस पर सवाल खड़े करना बिल्कुल गलत है।"

हरभजन ने आगे कहा कि मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा सब एक समान हैं। खिलाड़ियों या बोर्ड के सदस्यों की आस्था पर सवाल उठाना शर्मनाक है। उन्होंने कहा, "कीर्ति खुद पूर्व क्रिकेटर हैं, उनसे ऐसी उम्मीद नहीं थी। शायद वे राजनीति को खेल से ऊपर रख रहे हैं।"

यह बयान क्रिकेट जगत में छिड़ी बहस को और तेज कर रहा है, जहां एक तरफ आस्था की स्वतंत्रता की बात हो रही है, तो दूसरी तरफ खेल को धर्म से अलग रखने की। कई पूर्व खिलाड़ी और फैंस हरभजन के पक्ष में हैं, जबकि कुछ कीर्ति आजाद के तर्क से सहमत दिख रहे हैं।

# पांच ईरानी फुटबॉल खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने शरण दी

राष्ट्रीय गान विवाद के बाद लौटने से इनकार किया, एशियन कप खेलने गई थीं खिलाड़ी

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** एशियन कप से बाहर होने के बाद ईरान की महिला फुटबॉल टीम की पांच खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया ने मानवीय वीजा देकर अपने देश में रहने की इजाजत दे दी है।



ऑस्ट्रेलिया के होम अफेयर्स मिनिस्टर टोनी बर्क ने बताया कि इन खिलाड़ियों को पुलिस ने सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया है। दरअसल, पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच से पहले ईरान की टीम ने अपना राष्ट्रगान नहीं गाया था। इसके बाद ईरान में कुछ लोगों ने टीम की आलोचना की और उन्हें सख्त सजा देने की मांग भी की। इसी वजह से खिलाड़ियों ने शरण मांगी थी।।

टीम में कुल 26 खिलाड़ी और स्टाफ मौजूद थे, लेकिन फिलहाल सिर्फ पांच खिलाड़ियों ने ही शरण मांगी थी। बाकी खिलाड़ी अभी अपने फैसले पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि उनके परिवार ईरान में रहते हैं और उन्हें उनके खिलाफ कार्रवाई का डर है।

### मंत्री टोनी बर्क ने जानकारी दी

वहां उनकी मुलाकात ऑस्ट्रेलिया के होम अफेयर्स मिनिस्टर टोनी बर्क से हुई और उनके मानवीय वीजा की प्रक्रिया पूरी हो गई। यह जानकारी मंत्री ने कुछ घंटों बाद ब्रिस्बेन में पत्रकारों को दी। बर्क ने कहा, मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि यह निर्णय प्रत्येक महिला के लिए कितना कठिन रहा होगा, लेकिन निश्चित रूप से कल रात खुशी और राहत का माहौल था। उन्होंने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते समय महिलाओं के मुस्कुराते और ताली बजाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।

### ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी पुष्टि की

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी पुष्टि की कि इन पांच खिलाड़ियों को मानवीय वीजा दे दिया गया है। इस वीजा के तहत वे ऑस्ट्रेलिया में रह सकती हैं, काम कर सकती हैं और पढ़ाई भी कर सकती हैं। इसी मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कहा था कि अगर जरूरत पड़े तो अमेरिका भी इन खिलाड़ियों को शरण देने के लिए तैयार है।

### खिलाड़ियों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया

ऑस्ट्रेलिया में ईरानी टीम को लेकर व्यापक अटकलें लगाई गईं और खबरें भी खूब छपीं जब खिलाड़ियों ने अपने पहले मैच से पहले ईरानी राष्ट्रगान नहीं गाया। मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के संघीय पुलिस अधिकारियों ने गोल्ड कोस्ट, ऑस्ट्रेलिया के एक होटल से पांच महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

# वर्ल्ड कप जीत का जश्न

मुंबई की सड़कों पर 11 या 12 मार्च निकल सकता है टीम इंडिया की विक्ट्री परेड

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की ऐतिहासिक टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीत के बाद अब क्रिकेट फैंस को टीम इंडिया की भव्य विक्ट्री परेड का इंतजार है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक आधिकारिक कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार चैंपियन टीम के लिए जल्द ही शानदार रोड शो आयोजित किया जा सकता है।

**दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की संभावना-** खबरों के मुताबिक भारतीय टीम सबसे पहले नई दिल्ली पहुंच सकती है। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व विजेता खिलाड़ियों की मेजबानी करेंगे और उन्हें सम्मानित करेंगे। इस दौरान खिलाड़ी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे और टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी के साथ फोटो भी खिंचवाएंगे। दिल्ली में औपचारिक कार्यक्रम के बाद जश्न का असली रंग मुंबई में देखने को मिल सकता है।




● **मरीन ड्राइव पर निकल सकता है भव्य रोड शो-** मुंबई में आयोजित होने वाली यह विक्ट्री परेड 2007 और 2024 की ऐतिहासिक जीत की यादें ताजा कर सकती है। संभावना है कि नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक ओपन-बस में खिलाड़ियों का रोड शो निकाला जाएगा। पिछली बार की तरह मरीन ड्राइव पर लाखों फैंस के उमड़ने की उम्मीद है। भीड़ को देखते हुए मुंबई पुलिस और प्रशासन इस बार विशेष सुरक्षा और क्राउड मैनेजमेंट प्लान तैयार कर रहे हैं ताकि फैंस सुरक्षित तरीके से जश्न मना सकें।

● **वानखेड़े स्टेडियम में होगा भव्य सम्मान समारोह-** विक्ट्री परेड का समापन वानखेड़े स्टेडियम में होने की संभावना है, जहां टीम इंडिया के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जा सकता है।

### कब हो सकती है विक्ट्री परेड?

सूत्रों के अनुसार टीम इंडिया की विक्ट्री परेड 11 या 12 मार्च के आसपास आयोजित हो सकती है। खिलाड़ी फिलहाल अपने परिवारों के साथ समय बिता रहे हैं, जिसके बाद यह राष्ट्रीय जश्न आयोजित किया जा सकता है।

# भारत के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले में पहली गिरफ्तारी, दो भाइयों ने खेला था मुनाफे का खेल

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने लगभग 20,000 करोड़ के बहुचर्चित गेन बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

सीबीआई के अनुसार, वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार को जब वह देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तब मुंबई एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इसके बाद मंगलवार को




उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच एजेंसी के मुताबिक, डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। जांच में डार्विन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड और इसके सह-संस्थापकों आयुष वार्ष्णेय, साहिल बघला और निकुंज जैन की भूमिका सामने आई है। निकुंज जैन वर्तमान में वाओमी एआई के फाउंडर और चीफ कैपिटल ऑफिसर भी हैं।

सीबीआई का आरोप है कि इन लोगों ने मिलकर एमसीएपी नामक क्रिप्टो टोकन और उससे जुड़े एफ्छ-20 स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट को डिजाइन और विकसित किया था, जिसका इस्तेमाल इस कथित क्रिप्टो पोंजी स्कीम में किया गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि डार्विन लैब्स ने कई महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए थे, बिटकॉइन माइनिंग पूल प्लेटफॉर्म, बिटकॉइन पेमेंट गेटवे, कॉइन बैंक बिटकॉइन वॉलेट और गेन बिटकॉइन वेबसाइट शामिल हैं। इन प्लेटफॉर्म के जरिए निवेशकों से संपर्क और निवेश कराया जाता था।

# हॉल ऑफ फेम में शामिल दिग्गज कोच के लीडरशिप मंत्र

अमेरिका के फुटबॉल कोच मैक ब्राउन 50 साल तक कोच रहे, बोले- टीम जीत रही हो तो लगाम कसें, टूटने पर सहारा दें



**टेक्सास (एजेंसी)।** अमेरिका के दिग्गज कोच मैक ब्राउन को खेल जगत के सबसे सफल और सम्मानित कोचों में गिना जाता है। 50 साल के कोचिंग करियर में उन्होंने 288 मैच जीते। वे 2005 में टेक्सास यूनिवर्सिटी को नेशनल चैम्पियन बनाने वाले कोच रहे और हॉल ऑफ फेम में भी शामिल हैं। उनकी सफलता केवल स्कोरबोर्ड तक सीमित नहीं रही। कोचिंग अनुभव के आधार पर ब्राउन ने लीडरशिप से जुड़े चार सबक बताए, जो मैदान से लेकर कॉर्पोरेट ऑफिस तक हर लीडर के काम के हैं।लीडर की असली जिम्मेदारी टीम को यह बताना कि वे जीत सकते हैं।

1984 में अपनी टीम के खराब खेलने पर उन्होंने खिलाड़ियों को फटकारा था। टीम वह मैच हार गई। तब दिग्गज कोच बैरी स्विट्जर ने कहा था कि तुमने टीम से कहा कि वे हार जाएंगे और वे हार गए। ब्राउन कहते हैं, 'जब टीम ऊंचाइयों पर हो और आत्ममुग्ध हो रही हो, तब उन पर दबाव डालें।

# कच्चे तेल में तेजी से फिसला शेयर बाजार, 1,342 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी 24,000 अंक के नीचे

एजेंसी समाचार

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर




बाजार में एक दिन की बढ़त के बाद गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, ट्रेंट, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ सन फार्मा और एनटीपीसी के शेयरों में तेजी रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.76 प्रतिशत बढ़कर 92.86 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,333.26 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट सकारात्मक दायरे में बंद हुए। जबकि हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिका बाजार मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स मंगलवार को 639.82 अंक चढ़कर 78,205.98 अंक पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 233.55 अंक बढ़कर 24,261.60 अंक पर रहा था।

# यमुना एक्सप्रेसवे मेडिकल डिवाइस पार्क में 215 करोड़ का बड़ा निवेश

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने टीआई मेडिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को भूमि सब्सिडी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इस निर्णय के तहत कंपनी गौतमबुद्ध नगर स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर करीब 215.20 करोड़ रुपये का निवेश कर चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश की एफडीआई, एफसीआई एवं फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के अंतर्गत प्रस्तावित है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार कंपनी को अनुमन्य प्रोत्साहन के तहत 14.77 करोड़ रुपये की भूमि सब्सिडी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाएगी। यह राशि केंद्र सरकार की मेडिकल डिवाइस पार्क योजना के अंतर्गत पहले से प्राप्त सब्सिडी को समायोजित करने के बाद दी जाएगी। इस परियोजना को पहले विभिन्न स्तरों पर मंजूरी मिल चुकी है। 5 जुलाई 2024 को प्राधिकृत समिति की बैठक में इसे स्वीकृति दी गई थी, जिसके बाद कंपनी को 22 जुलाई 2024 को पात्रता प्रमाणपत्र जारी किया गया। बाद में 15 मई 2025 को इम्पावर्ड कमेटी ने सब्सिडी से जुड़े बिंदुओं पर विचार किया था। मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिलने के बाद अब परियोजना के क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मेडिकल डिवाइस पार्क जैसी परियोजनाएं उत्तर प्रदेश को मेडिकल उपकरण निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में सहायक होंगी और राज्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगी।

# शादी पर सिलिंडर का 'संकट'

## परिवार की इज्जत दांव पर, कमर्शियल की आपूर्ति ठप, बाजार में इंडक्शन की शॉर्टेज

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** गैस सिलिंडर की कमी से गंभीर संकट खड़ा हो गया है। कमर्शियल सिलिंडर की सप्लाई ठप होने से शादी वाले घरों, होटल-रेस्टोरेंट और खानपान कारोबारियों को भारी परेशानी हो रही है। कई दुकानों का कारोबार बंद है, जबकि लोग मजबूरी में इंडक्शन खरीद रहे हैं, जिससे बाजार में उसकी भी कमी होने लगी है।

लखनऊ में सिलिंडर की आपूर्ति कम होने से संकट खड़ा हो गया है। गैस सिलिंडर की किल्लत से उन परिवारों की इज्जत दांव पर लगी है, जिनके घर या तो शादी हो रही है या चंद दिन बाद होने वाली है। कामर्शियल सिलिंडर की आपूर्ति फिलहाल ठप है। घरेलू गैस की भी किल्लत बढ़ गई है। ऐसे में शादी के घर वालों व रिश्तेदारों की चिंताएं और अधिक बढ़ गई हैं। इसका असर अब शादी वाले घरों पर साफ दिखाई देने लगा है। वहीं, बाजारों में इंडक्शन की शॉर्टेज होने लगी है। दुकानदारों का कहना है कि इतनी डिमांड हो गई कि ऑर्डर देना मुश्किल हो रहा है। महानगर स्थित एक बारात घर में शादी की तैयारी में जुटे अलीगंज निवासी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि उनकी बहन की शादी है। रात भोपाल से बारात आएगी। कैटरर्स ने भोजन व्यवस्था के लिए 10 सिलेंडरों की मांग की थी, लेकिन बाजार में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में उन्होंने पड़ोसियों और इष्ट-मित्रों से मांगकर किसी तरह छह सिलेंडरों का इंतजाम किया है। स्थिति इतनी गंभीर है कि एहतियात के तौर पर एक क्विंटल लकड़ी और कोयले की भी व्यवस्था करनी पड़ी है, ताकि जरूरत पड़ने पर खाना बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शादी का घर होने के कारण रिश्तेदार कई दिनों तक घर में रहेंगे, ऐसे में उधार लिए सिलेंडर लौटाने की चिंता भी बनी हुई है। यह स्थिति सिर्फ एक परिवार की नहीं बल्की शहर में जितनी भी शादियां हो रही हैं उन सभी परिवारों के सामने है। कॉमर्शियल सिलिंडर की किल्लत की वजह से शहर के खानपान बाजार को घरेलू गैस सिलिंडर ने ऑक्सीजन तो दी मगर उसे पहले की तरह जीवित नहीं कर का। लिहाजा बुधवार को भी 60 फीसदी से ज्यादा कारोबार बंद ही रहा। चौक से लेकर हजरतगंज और हजरतगंज से लेकर गोमतीनगर तक सड़क किनारे की खानपान की दुकानों की जगह सन्नाटा रहा। उधर, चौक में मंगलवार को बंद हुई दुकानें बुधवार को भी नहीं खुल सकीं।



## सीएम योगी से मिले नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, युवाओं से की ये खास अपील

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** नोबेल पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव ने बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान लोहम कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रजत वर्मा और कंपनी के चीफ ऑफ स्टॉफ आयुष सबात भी मौजूद रहे। तीनों अतिथियों ने निवेश के लिए उत्तर प्रदेश के सकारात्मक माहौल की सराहना की। योगी थ ने नोबेल



पुरस्कार विजेता कॉन्स्टेंटिन नोवोसेलोव, लोहम के सीईओ रजत वर्मा और चीफ ऑफ स्टाफ आयुष सबात का उत्तर प्रदेश में स्वागत किया। बैठक में उत्तर प्रदेश को देश में एडवांस्ड मटेरियल रिसर्च और इंजीनियरिंग का प्रमुख हब बनाने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस क्रम में लोहम द्वारा प्रदेश में भारत की पहली "रेयर अर्थ टू मैग्नेट" इंटीग्रेटेड फैसिलिटी स्थापित करने की योजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस केंद्र के स्थापित होने से देश में उच्च तकनीक आधारित मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। नोबेल पुरस्कार विजेता कोंस्टेंटिन नोवोसेलोव ग्रैफीन की खोज के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं और मौजूदा समय में लोहम कंपनी के साथ रणनीतिक सलाहकार और सहयोगी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य उन्नत मटेरियल साइंस को औद्योगिक स्तर पर बैटरी तकनीक और ऊर्जा क्षेत्र में लागू करना है। लोहम और नोवोसेलोव के सहयोग का मुख्य फोकस दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर है।

## आलू किसानों को मिलेगा बेहतर मूल्य, घबराने की जरूरत नहीं : दिनेश प्रताप

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अयोध्या मण्डल, अयोध्या और देवीपाटन मण्डल के आलू कृषक और हितधारकों के बीच क्रेता-विक्रेता सम्मेलन डीआरडीए गांधी सभागार में आयोजित किया गया।

बैठक में उद्यान मंत्री ने बताया कि आलू विपणन की बहुत संभावनाएं हैं और किसानों को वर्तमान दरों से घबराने की



आवश्यकता नहीं है। मंत्री ने सलाह दी कि किसान अपने आलू अन्य राज्यों जैसे उड़ीसा और आंध्र प्रदेश भेजकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने किसानों, शीतगृह स्वामियों और उद्यमियों से भी बातचीत की। सम्मेलन में किसानों ने आलू के साथ-साथ मेंथा और टमाटर के अधिक उत्पादन और भंडारण की समस्या का जिक्र किया। इसके जवाब में मंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण नीति के तहत 35 प्रतिशत अनुदान लेकर इकाई स्थापित करने का आह्वान किया और मण्डी परिषद में कोल्ड रूम लगवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने शीतगृह स्वामियों से यह भी कहा कि शेष कोल्ड स्टोरेज का उपयोग टमाटर के भंडारण के लिए किया जाए। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में आगरा आलू अनुसंधान केंद्र विश्व में दूसरे स्थान पर है, जिससे प्रदेश को एक पहचान मिली है। इसके अलावा बाराबंकी में पुष्प उत्पादन के लिए सेंटर ऑफ एक्सलेंस फॉर फ्लावर स्थापित किया गया है। प्रदेश की हाईटेक नर्सरी से 29 करोड़ पौध उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त किया गया है और नजदीकी जनपद रायबरेली के शिवगढ़ विकासखंड में सेंटर ऑफ एक्सलेंस फॉर हनी भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में किसानों और शीतगृह स्वामियों की सुविधा के लिए एक कार्यालय केंद्र भी जल्द स्थापित किया जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर किया जा सके।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह उर्फ भुल्लन, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, अपर मुख्य सचिव उद्यान बी.एल. मीणा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, निदेशक उद्यान भानु प्रकाश राम, संयुक्त निदेशक उद्यान राजीव कुमार वर्मा और सर्वेश कुमार, निदेशक मण्डी परिषद, उप्र, उप निदेशक उद्यान, अयोध्या मण्डल और देवीपाटन मण्डल के सभी जिला उद्यान अधिकारी, शीतगृह स्वामी, आलू उत्पादक कृषक, उद्यमी, भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधि और प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

## यूपी एसआई परीक्षा: अभ्यर्थियों को केंद्र तक पहुंचने के लिए फ्री में बस मिलेगी या नहीं? शासन ने किया साफ

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों मुफ्त में सफर की एडमिट कार्ड दिखाकर निगम की बसों में मुफ्त में यात्रा कर सकेंगे।

परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक (संचालन) अनिल कुमार ने स्पष्ट किया कि निगम



सुविधा नहीं मिलेगी। उनको टिकट लेना अनिवार्य होगा। इस संबंध में परिवहन विभाग ने बुधवार को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

दरअसल 14 और 15 मार्च को भर्ती परीक्षा है। इसको लेकर लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर प्रसारित हो रही है कि अभ्यर्थी मुख्यालय की ओर से ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है और न ही इस संबंध में कोई कार्यालय आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित यह सूचना पूरी तरह असत्य और भ्रामक है।

# सिलिंडर की कमी के बाद अब खाने वाले तेल पर संकट

## थोक बाजार में महंगा हुआ रिफांइड-सरसों का तेल

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** ईरान युद्ध की वजह से खाद्य तेलों का आयात न हो पाने की वजह से खाद्य तेल के दामों में महंगाई आ गई है। थोक बाजार में ही सरसों के तेल में 30 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वहीं, रिफाइंड में 30 और पॉम ऑयल में 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। कारोबारी बताते हैं कि बाजार में माल ही नहीं है, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ रही है।

पांडेयगंज व यहियागंज के बड़े किराना व्यापारियों ने बताया कि थोक बाजार में 130 रुपये वाला सरसों तेल 30 रुपये बढ़कर 160 रुपये हो गया है। 140 वाला सोया रिफाइंड 170 रुपये में पहुंच गया है। वहीं, 140 वाला पॉम ऑयल 155 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र सिंह बताते हैं कि सरसों की नई फसल तैयार हो गई है। कुछ जगह कटाई भी हो गई है लेकिन इस तरह से महंगाई बढ़ना चिंता का विषय है। फुटकर कारोबारी संतोष गुप्ता बताते हैं कि होली तक




जो दाम नहीं बढ़े थे वह भी अब बढ़ने लगे हैं। इससे बाजार में खाद्य तेलों की शॉर्टेज भी बढ़ गई है।

एफसडीए की ओर से 23 फरवरी से 26 फरवरी तक प्रदेश भर में खाद्य तेलों की गुणवत्ता जांचने का अभियान चलाया था। इस दौरान अकेले लखनऊ में ही 2 करोड़ से ज्यादा का तेल सीज किए जाने की बात सामने आई है। नाम न छापने की शर्त पर कारोबारियों ने बताया कि एफएसडीए की टीम ने बड़े पैमाने पर तेल के नमूने लेकर सीज कर दिया है। इसकी वजह से हजारों टिन खाद्य तेल गोदामों में सील पड़ा है। न तो कोई जांच की गई है, न ही कोई रिपोर्ट आई है। अगर यह तेल मार्केट में होता तो खाद्य तेल की शॉर्टेज नहीं होती।

**14 दिन बीते, नहीं आई रिपोर्ट**

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की ओर से 23 से 26 फरवरी तक अभियान चला। इस हिसाब से 14 दिन हो गए जबकि 14 दिन के अंदर संगृहित नमूनों की जांच हो जानी चाहिए। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की धारा 142 के तहत नमूनों के विश्लेषण और रिपोर्ट जारी करने की अवधि 14 दिन तय है लेकिन अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है। सूत्र बताते हैं कि अभी कोई जांच नहीं की गई है। नमूनों के संग्रह सरकारी लैब में हैं। अफसर कुछ बता नहीं पा रहे हैं कि वह इन नमूनों का क्या करेंगे। सूत्र बताते हैं कि निजी लैब से जांच कराने की तैयारी है जिसके बाद सौदेबाजी की आशंका है। हालांकि, इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला आदर्श हनी ट्रैप का शिकार

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले भारतीय नौसेना के लांस नायक आदर्श कुमार उर्फ लकी तीन साल पहले हनी ट्रैप का शिकार बना था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर आईएसआई के हैंडलर ने आशी नामक महिला की आईडी बनाकर उसे फंसाया था, जिसके बाद उससे व्हाट्सएप पर भी दोस्ती गांठी और उसका भरोसा जीतने के बाद युद्ध पोतों की तस्वीरें भेजने को कहा। तस्वीरें भेजने के बाद उसके बैंक खाते में कई बार में



हजारों रुपये भेजे गए।

एटीएस को अंदेशा है कि आदर्श की तरह कुछ अन्य नौसैनिकों को भी आईएसआई ने हनी ट्रैप का शिकार बनाया है, जिसकी गहनता से छानबीन की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक आदर्श ने वर्ष 2021 में नौसेना में लांस नायक के पद पर नौकरी हासिल की थी, जिसके बाद उसकी तैनाती केरल के कोच्चि में दक्षिण नेवल कमांड में हुई थी।

सोशल मीडिया पर उसकी गतिविधियां संदिग्ध होने की वजह से खुफिया एजेंसियों ने निगरानी शुरू कर दी, जिसके बाद एटीएस को छानबीन करने को कहा गया। एटीएस ने उसके सोशल मीडिया अकाउंट आदि खंगालने शुरू किए तो आईएसआई को सामरिक महत्व की सूचनाएं देने की पुष्टि हो गई। इस बीच आदर्श छुट्टी पर अपने घर आगरा आया, जिसकी सूचना मिलने पर एटीएस ने मंगलवार को उसे दबोच लिया। अब उससे रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

# परिवहन निगम में ड्राइवर-कंडक्टर बनने का मौका

## 6500 पदों पर होंगी भर्तियां, बढ़ाई जाएंगी बसें भी

कार्यालय जागरण मोर्चा

**लखनऊ।** यदि आप यूपी परिवहन निगम की बसों में चालक और परिचालक बनना चाह रहे हैं तो यह आपके आप की खबर है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि इस माह के अंत तक 3060 चालकों एवं 3614 परिचालकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

चालकों की भर्ती संविदा पर, जबकि परिचालकों की भर्ती आउटसोर्सिंग से होगी। इससे बसों के संचालन में और सुधार होगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। वह परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में बसों के संचालन में एवं आय में कमी की शिकायत पाई जाए, वहां के क्षेत्रीय प्रबंधक, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई करें। बसों की खरीद प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। कैबिनेट ने प्रदेश की बची 12200 ग्राम सभाओं तक बस सेवा पहुंचाने का फैसला लिया। इन बसों को परमिट व टैक्स से मुक्त रखा गया है। इन बसों का संचालन मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-



2026 के तहत होगा। इस तरह प्रदेश के हर गांव तक बस पहुंचेगी। पंचायत चुनाव से पहले कैबिनेट ने इस योजना के जरिये ग्रामीणों को तोहफा दिया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब तक इन ग्राम सभाओं तक बसें नहीं पहुंच रही थीं, लेकिन अब सभी ग्राम सभाओं तक बसें पहुंचेंगी। इन बसों को चलाने की अनुमति निजी लोगों को मिलेगी। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी। इसमें सीडीओ, एसपी, एआरटीओ, एआरएम सदस्य होंगे। ये बसें रात में गांव में ही रुकेंगी। सुबह ब्लॉक व तहसील होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय तक पहुंचेंगी।

उन्होंने बताया कि करीब 5000 गांवों में ऐसी सड़कें हैं जहां बड़ी बसों को मोड़ने में दिक्कत होगी। लिहाजा इन गांवों में छोटी बसें चलाई जाएंगी। सुबह 10 से शाम चार बजे तक इन बसों को डायवर्ट किया जाएगा। इसके बाद ये बसें दूरी के हिसाब से अधिकतम शाम 8 बजे तक गांव में पहुंच जाएंगी। इन बसों के ड्राइवर, कंडक्टर व क्लीनर आसपास गांव के ही होंगे, जिससे रात में गांव में रुकने और सुबह आने में उन्हें परेशानी न हो। इन बसों की औसत आयु 15 वर्ष रहेगी, लेकिन पहले 10 साल के लिए ही इन्हें परिचालन की इजाजत दी जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि कमेटी स्थानीय स्तर पर किराया तय करेगी। इसका टिकट भी सस्ता रहेगा। योजना के तहत प्रत्येक आवेदक (जिस ब्लॉक के लिए उसने आवेदन किया है) को समस्त ग्राम पंचायत एवं रूट पर अपने विवेकानुसार वाहन संचालन तथा फेरों की संख्या का अधिकार होगा। बस संचालक ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रतिदिन कम से कम दो बार वाहन सेवा देगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए आवेदन की स्क्रीनिंग 15 दिन में होगी। मंजूरी के बाद आवेदक को 15 दिन में वाहन उपलब्ध कराने होंगे। पूरी प्रक्रिया 45 दिनों में पूरी होगी।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।